**श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : मेरी गलती होगी। यह कहा गया है। मैं इसको अपनी तरफ से कहता हूं कि 70 लाख में से 65 लाख रिफ्युजीज़ हिन्दू हैं। अगर यह तथ्य गलत है तो बताएं। आज पाकिस्तान वहां पर इस सारी सैनिक कार्यवाही की आड़ में बीन-बीन कर एक-एक हिन्दू को पूर्वी बंगाल से भारत में निकालने के लिए योजनाबद्ध रूप से प्रयत्न कर रहा है। पाकिस्तान इस मनोवृत्ति से प्रेरित है। पाकिस्तान इसी मनोवृत्ति से काम कर रहा है जब से पाकिस्तान बना है तब से। हिन्दुस्तान पाकिस्तान के बटवारे की शर्तों की, 14 अगस्त 1947 से ही उसकी स्याही धो दी गई, पाकिस्तान ने कभी उसकी चिन्ता नहीं की। पाकिस्तान यह परिस्थितियां पैदा कर रहा है और सैनिक तानाशाही प्रस्थापित करने के लिए बंगला देश को पश्चिमी पाकिस्तान के मुकाबले में अल्पसंख्यक बनाया जाए, उस योजना के अन्तर्गत उसका यह दूसरा जहर अधिक तीव्रता से काम कर रहा

है। वह उसकी योजना के रूप में पूरा हो रहा है। इस बात की आवश्यकता है कि अब अगर हम अपने देश को विस्थापितों के इस बोझ से बचाना चाहते हैं, उसको कम करना चाहते हैं तो बंगला देश को मान्यता दिए बिना और कोई चारा नहीं। वह खुद चाहते हैं, यह हम अपनी तरफ से नहीं कहते, बंगला देश की अवामी लीग का कहना है जिसको बहुत बड़ा प्रबल जन-समर्थन बंगला देश के लोगों का चुनावों में मिला, लगभग 98 परसैंट तक। जिस पार्टी की सरकार हो वही पर्टी चुनावों में लड़ कर लोगों के वोट ले यह तो हम देखते आए हैं लेकिन एक विरोधी पार्टी सैनिक तानाशाही के अन्दर भी 98 परसैंट समर्थन प्राप्त करे, यह दुनियां में शायद एक ही मिसाल है और यही समर्थन जनता का प्रबल समर्थन प्राप्त है बंगला देश की आज की बनी हुई सरकार को। उन्होंने मांग की है कि उन्हें मान्यता दी जाए, उन्हें मदद दी जाए। हम उसको मान्यता दे कर उनकी मित्रता प्राप्त कर सकते हैं, उस नर-संहार के इतिहास को वहां पर रुकवा सकते हैं। गुरिल्ला युद्ध द्वारा वे लोग अपनी स्वतन्त्रता को प्राप्त करने के लिए एक जलन, एक इच्छा, का प्रकटीकरण मात्र कर रहे हैं। गुरिल्ला युद्ध सेना को तकलीफ दे सकता है, सेना द्वारा किए जाने वाले अत्याचारों को नहीं रोक सकता। अगर हम बंगला देश के ऊपर अत्याचारों को रुकवाना चाहते हैं, सेना के द्वारा किए जा रहे नर-संहार को बन्द करना चाहते हैं— उसी काम के लिए बंगला देश की सरकार ने हम से मदद माँगी है, मान्यता प्राप्त हो चुकने के बाद—तो इस सवाल में देरी नहीं करनी चाहिए।

बाबू जयप्रकाश नारायण ने भी इसका समर्थन किया है। उन्होंने भी दुनिया के सब देशों का चक्कर लगा कर यह पहल की है। यह विचार रखा है कि बंगला देश के सवाल पर दूसरे देशों के पहल की प्रतीक्षा हम न करें। इसमें अगर हम पहल करेंगें तो दुनिया के कई राष्ट्र भारत द्वारा किए गए पहल का अनुसरण कर सकते हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि अगर बंगला देश को मान्यता देने से पाकिस्तान उतावला होकर युद्ध की घोषणा करता है तो हमें इससे भागना नहीं चाहिए, केवल मात्र पाकिस्तान की युद्ध की घोषणा के डर से। बंगला देश के प्रति भी हमारा एक कर्त्तव्य है, उस कर्त्तव्य को हम निभाएं। हमें इस बात का खेद है कि सरकार इसमें देरी करके अपने निर्धारित कर्त्तव्य से पीछे हट रही है. यह आशंका देश भर में निर्माण कर रही है। इसके कारण एक रोष निर्माण हुआ है और वह रोष अब प्रकट होगा। सरकार को अपने कर्त्तव्य के प्रति सजग करने के लिए, सरकार को अपने निश्चय को जल्दी लागू करने के लिए कल ही से सत्याग्रह की जो घोषणा हमारी पार्टी ने की है, हमारे नेता श्री पीताम्बर दास उस सत्याग्रह की अगवाई कर रहे हैं, वह सरकार के इसी कर्त्तव्यबोध के क्षेत्र में जल्दी फैसला करने के लिए है। इसमें कोई साम्प्रदायिकता नहीं, इसमें कोई मतभेद पैदा करने की इच्छा नहीं। लेकिन सरकार ने अगर कोई कदम उठाया नहीं तो उसके कारण जो परिस्थितियां निर्मित होंगी उसका दुष्परिणाम सारे देश पर पड़ सकता है। हम नहीं चाहते कि एक ऐसे सवाल पर, जिस पर सिद्धान्ततः हम सब लोग एक-मत हैं, किसी भी प्रकार से द्वैत इस देश में निर्माण हो, हम आज तक मिल कर इस काम को करते आ रहे हैं, इस सवाल पर आगे भी मिल कर काम करने का मौका बना रहे इसलिए इस प्रस्ताव के माध्यम से एक मांग की गई है—जो संशोधन के जरिए श्री जगदम्बी

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

प्रसाद जी ने रखा—कि केवल मान्यता से काम नहीं होगा, मान्यता के साथ-साथ उसे सामरिक तथा अन्य सहायता दें। अब इस का भी स्पष्ट रूप से इसमें उल्लेख करने की आवश्यकता है ताकि उसमें से पीछे हटने की कोई गुंजाइश न रहे। अब गोल-गोल भाषा बंगला देश के लोगों की मदद नहीं करेगी। इसलिए हम चाहते हैं कि प्रस्तावक महोदय ने एक बात कही कि मान्यता दी जाए, हम लोग एक और संशोधन चाहते हैं कि मान्यता देकर उसको सामरिक सहायता भी दी जाए इस संशोधन के साथ इस प्रस्ताव को भी स्वीकर किया जाए, ऐसा हम लोगों का आग्रह है।

**श्री शीलभद्र याजी** (बिहार) : उप-सभाध्यक्ष महोदय, श्री प्रणब कुमार जी ने जो मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में सरकार बनी है बंगला देश में उसको मान्यता देने के बारे में जो प्रस्ताव किया है, मैं उसकी ताईद करता हूं लेकिन जो उन्होंने यह बात कही कि पार्लियामेंट के इस अधिवेशन में, जो चल रहा है, उसकी अवधि में मान्यता दी जाए, मैं इस बात को नहीं मानता हूं। मैं साथ ही श्री पुरकायस्थ और श्री सीताराम केसरी का जो संशोधन है उसको मानता हूं जिसमें यह कहा गया कि बंगला देश को मान्यता देने के सम्बन्ध में जो प्रश्न है वह सरकार के ऊपर छोड़ दिया जाना चाहिए।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही** : सरकार को तो सब प्रकार की छूट है।

**श्री शीलभद्र याजी** : आप भी भाषण देंगे और हम भी भाषण देंगे।

**श्री निरंजन वर्मा** : याजी जी अगर किसी की न सुनें और बोलते जाएं तो अच्छा होगा क्योंकि जब दूसरे बोलते हैं तो वे टोका-टाकी करते हैं और अब ये बोल रहे हैं तो दूसरे भी टोका-टाकी करेंगे।

**श्री शीलभद्र याजी** : मैं उसे सहर्ष स्वीकार करूंगा और समुचित जवाब दूंगा।

उपसभाध्यक्ष महोदय, 25 मार्च के बाद इस सदन और उस सदन में बंगला देश के सम्बन्ध में जो प्रस्ताव पास हुआ उसके बाद से बंगला देश में याहिया खां की हिटलर-शाही चल रही है। जिस समय प्रस्ताव पास हुआ था उस समय बंगला देश को हर तरह की मदद देने का आश्वासन दिया गया था। अब सवाल उठता है कि मान्यता प्रदान करके अगर मदद दी जाए या न देकर भी दी जाए, मैं इसकी गहराई में जाना नहीं चाहता हूं, लेकिन मैं एक बात अपनी सरकार से कहना चाहता हूं कि बंगला देश के लोग जो अपने यहां स्वतन्त्रता की लड़ाई, जम्हूरियत की लड़ाई लड़ रहे हैं, क्या यह उन की ही लड़ाई है? नहीं। वे तो सारी दुनियां के लिए भी लड़ाई लड़ रहे हैं और भारत के लिए भी लड़ाई लड़ रहे हैं।

दोषी कौन है? देश का विभाजन मुस्लिम लीग और कांग्रेस के लीडरों ने किया। देश के विभाजन के बाद मुस्लिम लीग वाले और कांग्रेस वाले गद्दी पर बैठे और इस बारे में जनता की बिल्कुल भी राय नहीं ली गई। यदि हम बंटवारा करते हैं और बंटवारा करने के बाद वहां की जनता मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में चुनाव में आती है और वे वजीरे आजम बनते तो फिर इसके बाद पाकिस्तान को तोड़ने का सवाल कहां से पैदा होता। लेकिन कयूम खां और भुट्टो ने कहा कि दो प्रधान मंत्री बनेंगे और

याह्या खां को उकसाया कि इस तरह की चीज नहीं होनी चाहिए। मुजीबुर्रहमान तो सारे पाकिस्तान की बात करते थे, वे केवल बंगला देश की बात नहीं करते थे। उनकी अक्सरियत होते हुए भी, मुजीबुर्रहमान की पार्टी की अक्सरियत होते हुए भी, उनको शासन की बागडोर नहीं दी गई और याह्या खां और टीका खां डन्डा लेकर उनके सामने खड़े हो गए और जनता पर प्रहार करने लगे। इसलिए मैं कहना चाहता हूँ कि यह लड़ाई केवल बंगला देश की ही नहीं है। फर्ज कर लीजिए हमारे देश में भी कोई पगला याह्या खां बन जाए, खड़ा हो जाए यहां की सरकार को जेल में बन्द करदे और जनता पर प्रहार करने लगे, तो मैं अपनी सरकार से पूछता हूँ कि तब क्या हालत होगी ? तो आज जो बंगला देश की लड़ाई है, जो लोग वहां पर लड़ाई लड़ रहे हैं वह जम्हूरियत के लिए और प्रजातन्त्र के लिए और सारे संसार के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं।

मुझे खेद है कि रूस और अमरीका जो जनता के नुमायन्दों की वकालत करते हैं, प्रजातन्त्र की दुहाई देते हैं वे भी बंगला देश की मदद के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। चीन जो अपने को जनता का सबसे बड़ा मसीहा कहता है वह भी आज बंगला देश की जनता को कुचलने में, उनकी आजादी की लड़ाई में याहिया खां की सरकार की हर तरह से मदद कर रहा है और कह रहा है कि हम याहिया खां की हिटलरशाही में मदद करेगें। आज जो जम्हूरियत पसन्द लोग हैं, जो डैमोक्रैसी को पसन्द करते हैं, वे आज कहां चले गए हैं और जो नर-संहार बगला देश में हो रहा है उसको रोकने की कोशिश क्यों नहीं करते और उसके खिलाफ आवाज बुलन्द क्यों नहीं करते ?

यह तो महाभारत की तरह की बात हो गई। जब द्रोपदी का चीर हरण हुआ था तो जितने भी बड़े-बड़े लोग थे, भीष्म पितामह और कृष्ण, ये नपुंसक होकर देख रहे थे और इसी का यह नतीजा हुआ कि उस समय महाभारत की लड़ाई हुई। आज हमारे देश में बंगला देश से 70 लाख लोग आ गए हैं और सात लाख लोगों को बंगला देश में याहिया खां की सेना ने मार डाला है। द्रोपदी का चीर हरण हुआ था तो महाभारत की लड़ाई हुई थी और आज इतने लोग मारे गए हैं फिर भी हमारे हिन्दुस्तान के लोग चुपचाप बैठे हुए हैं। सीता को रावण लंका ले गया था जिसकी वजह से लड़ाई हुई और रामायण बनी। कांग्रेस ने और मुस्लिम लीग ने देश का बंटवारा किया था। उसमें बंगला देश की जनता की गलती नहीं थी, आप लोगों की गलती थी जिन्होंने देश का बंटवारा किया था।

अवाम का कोई कसूर नहीं था, आप सब लोगों की वजह से देश का बंटवारा हुआ। जो लोग डिक्टेटर हैं, जो मिलिट्री के चलाने वाले हैं उन्होंने वहां गाँव के गाँव जला दिए। हमको तो उस चीज को कहने में शर्म आती है, बंगला देश में महिलाओं पर क्या-क्या अत्याचार हुए। इन सब चीजों को मैं अखबार में पढ़कर नहीं कहता हूँ, मैं वहां जाता हूँ, उनके लोगों से मिलता हूँ, उस आधार पर कह सकता हूँ कि कोई मुर्दा भी आदमी अगर वह सब सुन ले तो उसके अन्दर गजब की फुर्ती आएगी और इच्छा होगी कि हथियार लेकर बंगला देश में जा कर उनकी हिफाजत करनी चाहिए। यह परिस्थिति है लेकिन हम कुछ कर नहीं रहे हैं। एक करोड़ रिफ्यूजी आ जाएगें, सरकार कहती है कि 70 लाख आ गए।

**श्री नागेश्वर प्रसाद शाही** : 80 लाख ।

**श्री शीलभद्र याजी** : हमने बंटवारा कराया है, उनका घर है, आएं, चव्हाण साहब टैक्सेज लगाएं, उसका फल भुगतें । मैं उसके लिए नहीं कह रहा हूं लेकिन आज जब जम्हूरियत की लड़ाई हो रही है तो क्या भीष्म पितामह की तरह स्वर्ण सिंह बैठे रहेंगे, चव्हाण बैठे रहेंगे, इन्दिरा गांधी बैठी रहेंगी, रूस बैठा रहेगा, चीन बैठा रहेगा ? अमरीका भी कहता है कि हम दुनिया की डेमोक्रेसी के लिए लड़ते हैं लेकिन वह क्या कर रहा है ? वहां जम्हूरियत की हत्या हो रही है और उसके साथ-साथ जो जम्हूरियत पसन्द लोग वोट देने वाले हैं उन्हें चुन-चुन कर मारा जा रहा है । हिन्दू मुस्लिम की बात मैं नहीं करता हूं, हिन्दुओं में तो सब सेंट परसेन्ट मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में थे . . .

**श्री जोगेन्द्र सिंह** (उत्तर प्रदेश) : आपको मालूम है सेन्ट परसेन्ट थे ?

**श्री शीलभद्र याजी** : आप यहां बैठे हैं, मैं वहां जाता हूं, भीतर जाता हूं, इसलिए कह रहा हूं, आप चुपचाप बैठे रहिए ।

**श्री जोगेन्द्र सिंह** : आप पूर्वी बंगाल हो आए हैं ?

**श्री शीलभद्र याजी** : पूर्वी बंगाल हो आए हैं, मुक्ति फौज वालों से मिल आए, आप सिर्फ लखनऊ तक जाते हैं, आप तो सिर्फ देखते रहिए ।

मैं यह कह रहा था कि जो जम्हूरियत की लड़ाई हो रही है उसमें हमको क्या करना है । अब मान्यता करें या न करें । हमारी आजाद हिन्द की सरकार बनी थी नेताजी के नेतृत्व में, कोई सरकार मान्यता दे या न दे हम लड़ते गए । हम इसकी गहराई में नहीं जाना चाहते । मान्यता देने के बाद कल लड़ाई भी शुरू हो जाएगी इसको भी मैं नहीं मानता हूं । आज पाकिस्तान टूट रहा है, भुट्टो की बेवकूफी से, याह्या की गलती से पाकिस्ताक टूटने वाला है और टूटेगा, लेकिन हमारी सरकार क्या पार्ट अदा करेगी टू नेशन्स की थ्योरी को सदा के लिए खत्म करेगी या क्या करेगी । यदि उसने अभी कदम न उठाया तो जैसा हमारे पूर्व वक्ताओं ने कहा है, दूसरे लोग आएगें उनकी मदद करने के लिए, आपको बंगला देश वाले धन्यवाद देंगे कि शुक्रिया, जितना किया ठीक किया, लेकिन केवल बंगला देश ही नहीं सारा ईस्टर्न जोन आपके हाथ से निकल जाएगा, इस तरह की फोर्सेज हैं, मैं आपको चेतावनी देता हूं । सरकार कब ऐक्शन ले, कब क्या करे यह मैं नहीं जानता, लेकिन यह सरकार निश्चय करे कि बंगला देश में जो मुक्ति फौज लड़ रही है उसको मदद देनी चाहिए । बहुत से लोग यह बात उठाते हैं कि मदद कैसे दें ? पाकिस्तान कैसे कर रहा है, होस्टाइल नागाज़ की ट्रेनिंग ढाका में होती है, मिजो की होती है, मैते की ट्रेनिंग होती है, वह बोलता नहीं है, करता है, लेकिन आपने नहीं किया । हमारी सरकार क्या कर रही है ? बिजू पटनायक अजीब भाषण करते हैं । उन्होंने भाषण देते-देते कहा कि मुक्ति फौज की लड़ाई कागज की लड़ाई है । वे अपने को स्पूतनिक कहते हैं, लेकिन कुछ भी सद्बुद्धि नहीं है । वे लोग कितनी वीरता के साथ लड़ रहे हैं । फ्रंट पर जाकर आप उनके मनोबल को देखें तो आपको यह देखकर आश्चर्य होगा कि नेता जी के नेतृत्व में जो आजाद हिन्द फौज लड़ रही थी उससे भी उनका मनोबल ज्यादा ऊंचा है । मुक्ति फौज में जितने लड़ने वाले हैं किसी की बहू गई, किसी की बेटी गई, किसी का और कोई गया, लेकिन उनके चेहरे पर उदासी नहीं है । उनको यह भी पता नहीं है कि उनको खाने को मिलेगा या नहीं मिलेगा । आजाद हिन्द

फौज वालों की बहू बेटियां तो सुरक्षित थीं। इस प्रकार उनसे ज्यादा तकलीफ उठाकर ये लोग लड़ रहे हैं।

इसलिए सीधी-सीधी बात हम लोग सरकार से कहना चाहते हैं कि सरकार बंगला देश की मान्यता की घोषणा करे या न करे, लेकिन उनको मदद देने की घोषणा जरूर करे। जैसा कि राजनारायण जी का कहना है कि लड़ाई केवल पार्लियामेंट में ही डिक्लेयर कर देने से ही नहीं होती है। डिप्लोमेसी भी दुनिया में बहुत बड़ी चीज है। अच्छी डिप्लोमेसी यह होती है कि यह जानना चाहिए कि झूठ कितना अच्छा बोला जा सकता है। अच्छी डिप्लोमेसी के अनुसार आपको जो करना हो वह करिए, लेकिन यह मत बतलाइये कि आपको क्या करना है या क्या नही करना है। हम को चाणक्य और कृष्ण की नीति पर चलना चाहिए। "अश्वत्थामा हतः नरो व कुंजरः" वाली नीति को अपना कर हमको श्रीकृष्ण और चाणक्य के रास्ते पर चल कर अपने काम को करना चाहिए। हमको मुक्ति फौज वालों की मदद करनी चाहिए और हम मदद कर भी रहे हैं, लेकिन हम कुछ बोलेंगे नहीं। वैसे उनकी और मुस्तैदी से मदद करने की आवश्यता है। इस तरह से काम चलने वाला नहीं है। इसलिए हमारी प्रधान मंत्री ने यहीं इसी सदन में यह घोषित किया कि बंगला देश के लिए यदि भारतवर्ष के लोगों को जहन्नुम में जाने की जरूरत पड़े तो वहां भी जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। पहले भी जब पाकिस्तान ने गड़बड़ किया तो हम लाहौर और सियालकोट तक गए हैं और भविष्य में यदि जरूरत हुई तो फिर वैसा ही करेंगे।

**श्री पीताम्बर दास** : तो आपने इंडाइरेक्टली लाहौर को जहन्नुम बता दिया।

**श्री शीलभद्र याजी** : इस सम्बन्ध में जहां तक फैसला करने की बात है, हम यह नहीं मानते हैं कि आर्मी को फैसला करना है। इसमें जो सिविलियन सरकार है उसे फैसला करना है। हमको जल्दी से जल्दी फैसला करना है। जो आर्मी के भगौड़े, जनरल कौल हैं, उनकी बात को हम नहीं मानते। हम यह समझते हैं कि अमरीका कितना जम्हूरियत पसन्द है, रूस कितना जम्हूरियत पसन्द है, चीन कितना जम्हूरियत पसंद है सबका पर्दाफाश होने वाला है। आज बंगला देश में जो लड़ाई हो रही है वह जम्हूरियत को बचाने के लिए हो रही है। वह सिर्फ मुजीबुर्रहमान और अवामी लीग की लड़ाई नहीं है। सारी दुनिया के लोग उठ सकते हैं उसको रोकने के लिए।

हमारा सरकार से निवेदन है कि जहां बंगला देश को मान्यता देने का सवाल है, मैं राजनारायण जी के साथ हूं। लेकिन मैं यह भी चाहता हूं कि उनको ऐसी मदद मिलनी चाहिए जिस से जो वहां जुल्म हो रहा है, जो वहां अत्याचार हो रहा है, वह जल्दी से जल्दी बन्द हो। इस प्रकार जिस टू नेशन की थ्योरी पर पाकिस्तान का निर्माण हुआ वह थ्योरी अपने आप समाप्त हो जाएगी। इसके साथ-साथ जो वहां समाजवाद की स्थापना की घोषणा हुई है उस समाजवाद के नाम पर यह जो नकली दीवार भारत और पाकिस्तान के बीच में खड़ी है उसको गिराने में, उसको ढहाने में हम सफल होंगे। आज जब दुनिया में कोरिया और जर्मनी के युनिफिकेशन की बात होती है तो पाकिस्तान के सम्बन्ध में वर्ल्ड पावर्स को आज शर्म नहीं आती है अपने रवैये पर। वर्ल्ड पावर्स जब यह कहती हैं कि जर्मनी को एक होना चाहिए, वियेतनाम को

[श्री पीताम्बर दास]

एक होना चाहिए, तो आज बंगला देश के मामले पर चुप वे क्यों हैं ? तो समाजवाद के नाम पर हम को इस टू नेशन थ्योरी को जल्दी से जल्दी खत्म कर देना चाहिए । इसी में हमारा कल्याण है, हमारे देश का कल्याण है, बंगला देश का कल्याण है और सारी दुनिया के जो जम्हूरियतपसन्द लोग हैं उनका भी कल्याण है ।

इन शब्दों के साथ जो श्री मुखर्जी ने प्रस्ताव रखा है बंगला देश को मान्यता देने का उसकी मैं ताईद करता हूं । साथ-साथ जो संशोधन पुरकायस्थ जी और सीता राम जी ने दिए हैं उनका भी मैं समर्थन करता हूं । अन्त में मैं यह कह कर बैठ जाऊंगा कि कच्छप गति से काम चलने वाला नहीं है । आपको और ज्यादा मुस्तैदी से आगे बढ़ना चाहिए । जय हिन्द, जय बंगला देश ।

श्री निरंजन वर्मा : संशोधनों का समर्थन आप न करते तो आप बधाई के पात्र होते ?

[MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.]

SHRI S. G. SARDESAI (Maha-rashatra): Mr. Deputy Chairman, the demand for the recognition of the Government of Bangla Desh has been placed before this house as well as the other House. And government has often taken the position that they are not, opposed to this demand in principle, they accept it in principle, but they would give recognition to the Government of Bangla Desh at the appropriate time. But the fact remains that the insistence that this thing must be done immediately without any further delay has been growing not only in this House and the other house, but all over the country. This is the thing about which government must think today. This insistence is growing within the ruling Party itself. It is not just the question of opposition Parties. Why is this insistence growing? It is growing for certain patent fact which everybody can see, namely, that if this issue is delayed any longer, then it will bring greatest disaster in future not only for Bangla Desh, but for our own country. Government very often comes forward and says that they have been giving a certain assistance to the freedom fighters of Bangla Desh That need not be denied. It is also a fact that the Mukti forces inside Bangla Desh are getting better organised and their actions are more effective and are carried out in a co-ordinated way.

But the other side of the picture is there and it is that which causes us concern, namely, that despite all these activities, week after week and month after month, this government is being forced into a defensive position. It is being cornered, it is being outmanoeuvred and it is being put in a position where the final victory for which we are fighting becomes difficult. Take the very recent peciod. Refugees are growing in number. We go on saying that the number was 3J millions till a few weeks ago—which was a staggering figure—and now it is 8 million. One does not know where it is going to end. Only a few months ago Yahya Khan said that he wants no war with India and he is convinced that the Indian Prime Minister wants no war. This very Yahya Khan now threatens India with war. Even when the Foreign Minister was touring the United States, he was assured that no further supply of arms will be made to Pakistan by them. Now not only has that been accepted, but openly they say that they are going to continue supply of arms to Pakistan. The idea which was first floated by Prince Sadruddin is now taken up by the Secretary General of the United Nations and is now openly being pressed for by the United States, namely, that United Nations observers should be sent to India. What is its meaning ? Its meaning is very simple, namely, that the Western powers, the United States and China in its own fashion

want to continue to arm Pakistan's military junta to enable it to butcher and massacre the people of Bangla Desh and to drive millions and millions of them into India and to go on giving us all sorts of sermons and on the top of that they want to send these observers to India to gag us hand and foot so that we are not able to support and help Bangla Desh. This is happening day after day. If there is any objectivity or any judgement based on facts, I want to tell the Foreign Minister that the taste of the pudding is in the eating; I want to ask him : Is our policy yielding the result which we want ? If not, it is no use going on saying that you have good intentions. It is said in the Bible also, and not in an ironical sense, that the path of heaven is also paved with good intenticns. The question is this : What is the actual, concrete, total result of this policy ? What is the total result after four months ? Our aim is to strengthen India, strengthen the freedom fighters of Bangla Desh to fight Pakistan; to defeat the regime and to establish a free government of Bangla Desh, which is the only way on the basis of which the refugees will go back. And, if the reply is that we are not in a position to do it, then we would be where we were in the earlier period. That is why a distinctly new thinking is needed; that is why courageous steps must be taken; and that is precisely why we have come to a stage where the recognition of the Bangla Desh Government has become a vital issue, has become something which you cannot bypass.

Sir, this Government has been saying all the time in the past that this issue is between the people of Bangla Desh and the lulers of Pakistan and that this is not an Indo-Pak issue. Sir, I want to ask this Government and I want to ask the Foreign Minister to give me a very clear reply. Who are the people of Bangla Desh ? Are they like the Indian Brahma; which is supposed to be here and there, but which has no shape, no form, "Nirakar Nirgu-na" ? The people of Bangla Desh are a corporate reality, and it can have only one meaning and that is the elected representatives of the people who have formed a Government of Bangla Desh. The Government of Bangla Desh means the people of Bangla Desh and if we do not say so clearly, then we will be sinking deeper and deeper into the mire. Sir, what is the latest conspiracy of the United States and the Pakistani rulers ? The latest conspiracy is, not *dejure,* but *de facto,* not overnight, but step by step, to compel this government to come to a position when it will be said that the issue is between India and Pakistan. We have been protesting against it. This is not an Indo-Pak issue. It is an issue of the people of Bangla Desh and Pakistan. But you have been driven to it and you are being driven to it more and more. The only thing is to declare to the whole world that we recognise this Bangla Desh Government. We have got to recognise it. We have to say that no other settlement will be acceptable to this country excepting the one which is arrived at between Mujibur Rehman, the Awami League leaders and the Pakistani rulers. Unless you make it absolutely clear, our position is going to worsen from day to day.

Sir, I can tell you other things; I can tell you other facts. In this very Parliament we have unanimously passed a resolution to support the struggle. That was done unanimously. In a subsequent statement in this very Parliament, the Prime Minister also said that we cannot allow the Pakistani rulers to settle their internal problems at the cost of India and on the Indian soil. Subsequently, she said that India would have to pass through a hell-fire if we have to settle this question. It was also said later on that if the international community does not take cognizance of the political aspect of this question, which is the basic aspect, India will be compelled to take unilateral action. This was stated in the House, that India will have to take unilateral action. But nobody

[Shri S. G. Sardcsai] knows what is meant by this unilateral action. I do not say that we want the armed forces of India to be moved to Pakistan. But unilateral action must mean something and it must begin somewhere. In this connection, whenever the External Affairs Minister has been asked, "Why don't you send stronger notes ? You were openly told that the US arms will not be given to Pakistan but that was a lie and it was exposed. Why don't you say U. S. help to Pakistan is an abetment of Pakistan, and that it is an unfriendly act," then we are told that it has got diplomatic implications. It should have diplomatic implications. Why not ? We are not pushing the army there. Nobody pushes the army there. But, if you want the world to understand it, you must send stronger notes. This is the kind of insult that they heap on us, the Pakistani rulers are driving the people into India and now they have got the temerity to say that they would send the observers there. So, these notes have to become stronger.

But you do not send stronger notes. Implications ! What conclusion will they have ? The one conclusion they are drawing and they have already drawn is that India is not going to act further. That ,is why the question of recognition of Bangla Desh is a practical, vital question. It is not a doctrinaire question. It would not do any longer to say that we accept it in principle but we will think when the time comes. The time is there. In this connection—the time is short—certain references will have to be made. My friend, Mr. Yajee, said "national interests". I want to understand this thing. How do you equate the position of the Soviet Union and the U.S.A. from the point of view of our own national interest ? My friend is always talking of national interest. On behalf of the Soviet Government it was cates,c.-ically stated that for the whole of 1970-71 they had not supplied arms to Pakistan. They have made this thing clear. They have categorically asked no only for the ending of the genocide but also for the recognition of the people of Bangla Desh and to come to a settlement with them. The GDR also has come out with these very words. Bulgaria has come out with this point. So many socialist countries have come out with that. May I ask the Government whether in such a situation they expect the Soviet Union to take the next step ? We are the people involved; it is our problem; it is our brothers who are fighting. Let us go one step further; they have gone as far as they have gone. Settle with the elected representatives of the people. That is what they have also said. We would not move an inch further, and expect them to take further steps.

My friend, Mr. Yajee, will say this and -that. Today the responsibility of taking the next step lies with us, and I have not the remotest doubt that if this country takes the next step, these sympathetic countries would support it. But we cannot expect them to pull our chestnuts out of the fire. It is wrong. It is our responsibility, our right. This is what we ought to do. If you recognise Bangla Desh, it has one clear meaning. We declare to the whole world not only politically, not only emotionally but also constitutionally and juridically that India does not consider this as a conflict between our country and Pakistan but India considers this as a conflict between the people of Bangla Desh and the rulers and, what is most important, India will not accept any solution to the problem which is not acceptable to the leaders of the Awami League. This has to be the public declaration to the whole world. As soon as we do it, so many advantages will follow. This question of separating the refugee problem from the freedom of Bangla Eesh, the military problem from the diplomatic aspect and all those things will come to an end the moment we say that this is the Government we recogn'se. They

will settle it with Mujibur Rehman and the refugee problem will be solved. You are not going to separate the refugee problem from the problem of recognition because the basic solution is the same. That is why this Government must realise that any further delay is going to be disastrous and this country is definitely not going to accept any U. N. observers. We are waiting for time like Micawber for something to turn up. But nothing is going to turn up. It is our action which will decide these things. On this question there are no other factors. It cannot be "their interests and our interests". May I know what are the interests ? What are the interests which are delaying the matter ? On the contrary, any further delay would take India into a worse and worse position and we might find ourselves in a position where India will be compelled finally to accept these observers. Please take my words: it will not come in a fortnight; in a month; but if you continue like this, a day will come when it will be impossible for you not to accept the U. N. observers. They are great manoeuvrers; they know how to do things. They do not do it overnight; gradually they will bring in the idea and then they will push forward. Already Pakistan is doing it. They say "Why do you not accept the observers: you have something to hide". Of course, we have nothing to hide. We cannot go on telling indefinitely this and that. That is why let us look at time. I am not raising the question only from the emotional point of view or from the moral point of view on which we are all agreed.

I am raising this question from the extremely pragmatic, practical and immediate point of view of what must be done here and now. Recognise it. It has been said and very correctly said about aid. Everybody knows that the Government of India is helping them but the fact is, if you want to help them more effectively, you have to recognise that Government, otherwise you have to go about it in a stealthy and clandestine fashion. The whole world knows it. Do it more effectively. Once you recognise the Government, then you can come up and say : 'These guerillas are fighting and we are going to help'. Then thousands of Indian volunteers can go. What did North Vietnam do ? Everybody knows that North Vietnam gave full support and North Vietnam never pushed its army but they openly declared: 'They are our brothers, we are helping them. We will fight for them'. So let us recognise it. Tomorrow the Indian youths and the Government can say: 'We are helping them'. Before the Indian Army went to Goa; we were going there as satyagrahis with the full help of the Government. Nehru was saying : 'We are not intervening in Goa', Goa saying like that. If you want to effectively intervene, if you want to arm them sufficiently, if you want them to be effective, without recognition it cannot be done. Tinkering with the problem will lead nowhere. I do not agree with Mr. Biju Patnaik when said that the guerillas cannot liberate whole areas. Actually whole areas have been liberated in South Vietnam by the guerillas. The North Vietnam aeroplanes did not go there, their tanks did not go there. Nobody said that the North Vietnames tanks were there. So all this can be done. In this connection, for goodness sake, do not raise the bogey of war. Nobody wants war. It is one thing to say that we do not want war, it is another thing not to go full steam with political and diplomatic decisions and such decisions as regards material help which are the immediate need. Let us do this within the next 2 or 3 months. After that we will judge the situation again. Give them recognition. Strengthen the guerillas. Diplomatically tell the whole world : 'Settle with Mujeeb. India refuses to negotiate whether in the US or anywhere else. We refuse just to negotiate the question of the refugees'. You tell them : 'Accept the simple position and settle with Mujeeb, we would not Uilk about anything else'. Then the Government will have the fullest support of all Indians and there is no doubt about it.

|Shri S. G. SardesaiJ

World opinion is with us. Do not be worried about it but the moment has come when further hesitation or vacillation will not help. We are not questioning your motives but there are some moments in history when decisions are taken at a given moment. If you fail, history is not going to pardon this Government. So deal with the concrete situation and do specific things right now, here and now and in that sense, I agree with Mr. Chagla who said : 'Why at the end of the session, we should recognise this Government to-day'. Doit immediately. All this kind of thing—acceptance in principle, rejection in practice— please save us from this situation.

"SHRI SASANK.ASEKHAR SANYAL (West Bengal) : Hon. Mr. Deputy Chairman, Sir, the official language of Bangla Desh is Bengali. The official language of my State is also Bengali. I, therefore, would like to speak in mat language when Bangla Desh issue is being discussed in the House.

SOME HON. MEMBERS : He shall not follow you.

SHRIMATI PURABI MUKHOPADHYAY (West Bengal) : Mr. Deputy Chairman, Sir, we also do not follow many things here. This is the function of the Interpreter to interpret the speeches. The way he has been recieved here, I am shocked to see. But the thing is this that we have right to speak in our own language in this House and that has been accepted by the Government and Parliament.

MR. DEPUTY CII1RMAN ; No body denies that right.

SHRI SASANKASI kll \K SANYAL : Sir 1 am \TI> much happy to find thai my old fiiend and sister, Shrimati Purabi Mukhopadhyay, has come to my rescue. So I am not afraid of anybody.

Sir, on the 31st March, 1971, both Houses of Parliament passed a unanimous Resolution on the issue of Bangla Desh. At that time the image of India appeared in all her glory of past traditions to the entire world. The people of the world were astonished to find how a few freedom fighters were prepared to sacrifice their lives as they were carrying on a non-violent struggle in East Bengal in order to bring a democratically elected Government into power there. It seemed to us that those freedom fighters must have received the blessings of Gandhiji; they must have been inspired by Gandhiji's non-violent struggle. So Gandhiji's philosophy of non-violent snuggle found practical application in East Bengal. The people of the West, who do not understand the effectiveness of nonviolent struggle, were for some time taken aback by such a non-violent struggle in East Bengal. But, ultimately, they were moved by it.

What is the condition today after four months? We were all parties to that unanimous Resolution passed by Parliament. To day the people of India have put the Government of India and Parliament to the dock. They say that we were responsible for generating this hope in their minds that in the near future East Bengal would come out from the clutches of dictatorial rule of Pakistan. On account of that hope they dreamed that two Bengals again would establish cultural links, two Bengals again would be bound by the ties of friendship. The refugees, who came to India after the partition of the country, hoped that they would be able to go back to their homeland. The same hope was being harboured by Ihc refugees who are coming at present from Bangla Desh to India. But after four taunt h» a! i their hopes are dashed u> the ground. Whj has Jt been So? I hi- freedom figbiei . Bangla Desh now feel that we

♦Original speech in Bengali.

are not sincere to fulfil the commitments, made to them. The Military Government of Pakistan has a'ready accused us of interfering into their internal affairs. The Government of Pakistan is already displeased with us. We now find ourselves in a very awkward situation. What should be our answer to the people of India when they have already put us to the dock over the question of Bangla Desh?

Mr. Deputy Chairman, Sir, during our childhood days we studied appropriate proposition in Rowe and Webb's English Grammar. We have come to know that this recognition will be given at the appropriate time. The appropriate time was when we expressed our solidarity with the freedom struggle in Bangla Desh. At that time, in our heart of hearts, we recognised the Government of Bangla Desh. Therefore, it is now our duty to give formal recognition to that Government.

When Parliament passed the unanimous Resolution on Bangla Desh on the 31st March, 1971, we fell that the Government of India would take another fifteen days to complete ceitain formalities before giving formal recognition to the Government of Bangla Desh. But many months have passed since the date of passing that unanimous Resoultion by Parliament. We are still in a dilemma over the question of giving formal recognition to the Goverment of Bangla Desh. We should take into account the merits and demerits of giving foimal recognition to the Government of Bangla Desh now. If we had given formal recognition to the Governmcut of Bangla Desh shortly after the unanimous Resolution was passed by Parliament, we would have been able to give all material help lo the freedom fighters. We could have induced the refugees from Bangla Desh, including the refugees who came to our country after the partition of the country, to light in the liberation struggle ol Bangla Desh after haying equipped ih.-m .ii!. necessary arms and ammunition. We could have told the people of Bangla Desh not to come as refugees but to fight for their liberation. They would have certainly listened to us if we had stood behind them with ali help. In this manner we could have prevented heavy influx of refugees to our country.

Sir, in March, 1971, the military junta in East Bangal was tohl y unprepared for any war. If we had given all material help to the freedom fighters at that time, East Bengal would have achieved her independence within fifteen days. Once an independent country, no world power or the world body could have snatched that independence away; of course, some world powers might have raised hue and cry for that independence. If Bangla Desh becomes an independent country, India can live in friendship with her. We are waiting for that opportunity to come.

Sir, what has actually happened within' these four months ? Pakistan has increased her military prowess as she is receiving arms aid from foreign countries. She is trying to make it appear that the conflict between East Bangal and West Pakistan is actually a conflict between India and Pakistan. In such an effort, she has been successful to some extent.

Pakistan may start a war against us. Perhaps we are delaying recognition to the Government of Bangla Desh in order to avoid a confrontation with Pakistan. But may I know from my friend, Sardar Swaran Singh, that Pakistan will not attack us if we do not recognise the Government of Bangla Desh ? Pakistan attacked our country even when she was comparatively a weak country. She has now become powerful; so she must attack us. In a sense, it is attacking us daily on our borders. If these border attacks become someday widespread, we shall have to counter-attack then in self-defence. But Pakistan will accuse us of heinu offensive and that nccusa IIOM of Pakistan will be accepted b) many big powers of the vorld. In the world body we shall find ourselves in the dock. Therefore , Sir, my humble submission is that we

[Shri Sasankasekhar Sanyal]

must recognise the Government of Bangla Desh immediately, although there has been considerable delay to that effect. As one has said "delayed is denied" but I will say, "better late than never". So we should give immediate recognition to the Government of Bangla Desh. It will enable us to send the demoralised refugees back to their homeland. It may save us from further influx of refugees to our country.

War with Pakistan is inevitable. Pakistan will definitely impose war upon us. In order to save Pakistan from her present difficulties in Bangla Desh the United States of America will surely induce her to have a war with India. I suspect Shrimati Indira Gandhi may also go on American line. Perhaps she desires a war with Pakistan. I may be excused for saying so by my Congress friends. Pakistan now requires a war with India in order to thwart the freedom struggle in Bangla Desh. Similarly a war with Pakistan will enable Shri-mati Indira Gandhi to relegate her pledge of "Garibi Hatao" to the background. Again by war with Pakistan, the bureaucratic machinery, capitalists and monopolists of our country will be most benefited. Then, progressives like Sheel Bhadra Yajee, Arjun Arora and Chandra Shekhar will not be able to guide Shrimati Gandhi. She will then be guided by bureaucrats and monopolists.

The world powers, for some time past, have been hatching a Plot to corner India on Bangla Desh issue. Their conspiracy against India is also meant for the destruction of freedom struggle in Bangla Desh. We should not give them further scope for conspiracy against us and the freedom struggle in Bai gla Desh.

Sir, we should gird up our loins and give a helping hand to the freedom fighters of Bangla Desh. Their victory will be our victory; their defeat will be our defeat.

*1 hank* you.

4 P. M.

**श्री सीताराम केसरी** (बिहार) : उपसभापति महोदय, इस प्रस्ताव में मैंने जो संशोधन पेश किया है उसके समर्थन में मैं अपनी बातें आपके सामने सुझाव के रूप में पेश कर रहा हूँ। इसके पहले एक बहुत बुद्धिजीवी और भूतपूर्व विदेश मंत्री छागला साहब ने जो बातें अभी कहीं उस संबंध में एक बात मैं कह देना इस सदन में आवश्यक समझता हूं। उन्होंने कहा कि ब्यूरोक्रेसी, जो नौकरशाही है, उसके जो लोग सरकार में हैं वह अच्छे तो हैं मगर यह कंवेंशन पर, एक जो परिपाटी बनी हुई है, उसी पर चलते हैं इसलिए जो फैसला हिन्दुस्तान का होता है अन्तर्राष्ट्रीय मसलों पर उसके पीछे कोई औचित्य नहीं होता। मैं आग्रह करूंगा कि वे फारेन मिनिस्टर थे, विदेश मंत्री थे, उस समय वे ब्यूरोक्रेसी को एक नया डाईरेक्शन दे सकते थे, मेरा ख्याल है कि उनमें कितने ही ऐसे बुद्धिजीवी हैं जो अन्तर्राष्ट्रीय मसलों पर अच्छा स्थान रखते हैं और अच्छी जानकारी भी रखते हैं और मैं समझता हूँ कि वह उस नीति को अपने व्यक्तित्व के आधार पर दे सकते हैं और उसमें कुछ औचित्य अवश्य होना चाहिए।

अब मैं दूसरी ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। कुछ दिन पहले हमारे दोस्त श्री राजनारायण जी ने बंग देश पर अपने भाषण के सिलसिले में कहा कि भारत सरकार का यह जो भी कार्य है वह देशद्रोहात्मक है। मैं समझता हूं कि उन्होंने इस तरह की बातें कह कर पाकिस्तान के हाथ को मजबूत किया है। अभी मान्यता के सम्बन्ध में मसानी साहब ने 1 जून, 1971 को जो भाषण दिया उसमें उन्होंने स्पष्ट कहा है कि भारत सरकार ने जो सहानुभूति

दिखाई है उसका स्वागत है मगर भारत सरकार ने जो उसको मान्यता नहीं दी यह इस बात का प्रमाण है कि भारत सरकार का उस देश में जो क्रान्ति हुई उसमें कोई हाथ नहीं है। मैं यह कह देना चाहता हूँ कि हमारे दोस्त जो इस अवसर पर इस तरह की बात करते हैं वह गलत है। दूसरी बात हमारे दोस्त ने यह कही कि 65 लाख हिन्दू और 5 लाख मुसलमान आये, लेकिन मैं उनसे कहूंगा कि वह 70 लाख हिन्दू हों या 70 लाख मुसलमान हों, हमारे लिये वे पाकिस्तानी हैं और पाकिस्तान के नागरिक हैं। इसलिए मेरा ख्याल है कि इस देश में साम्प्रदायिक भावना हिन्दू और मुसलमान के आधार पर कभी भी प्रचारित नहीं करनी चाहिए। इससे बंग देश का जो काज है उस पर बहुत बड़ा आघात पहुँचता है। एक बात मैं और कह दूं। जहाँ तक रूस के राष्ट्रपति का सवाल है, रूस के राष्ट्र नायक ने जिस बहादुरी के साथ, जिस ईमानदारी के साथ याह्या खान के विरुद्ध होने वाली क्रान्ति में जो उन्होंने कत्लेआम किया उसके लिए जो अपने विचार दिये वह उसके लिए प्रशंसा के पात्र हैं। इसलिए रूस के राष्ट्र नायक को मैं बधाई देता हूं। दूसरी ओर अमरीका ने जिस तरह का नीचतापूर्ण कार्य किया है, चीन के साथ जो हमारा दुश्मन देश है, हमारा मित्र राष्ट्र नहीं है, ऐसे समय में उसके साथ हाथ मिलाकर, पाकिस्तान को अपना एजेंट बना कर किसिंगर को वहाँ भेजकर, तिलस्मी ढंग से चीन भेज कर बंग देश की गरीब जनता को, उसके निर्वाचित प्रतिनिधियों की जो माँग थी उसके खिलाफ दुनिया के देशों में जो एक विषाक्त वातावरण पैदा किया है, वह निन्दनीय है। एक चीज मैं और कह दूं। अमरीका क्या चाहता है? चीन क्या चाहता है? यह दोनों राष्ट्र यह चाहते हैं कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान की लड़ाई हो। वह नहीं चाहते हैं कि बंग देश की जनता की जो मांग है उसकी पूर्ति हो, उसे पूरा किया जाय। वह चाहते हैं कि हिन्दुस्तान को पाकिस्तान के साथ भिड़ा दें इस तरह पर कि यह विशाल देश जिसकी समाजवाद के आधार पर प्रगति और उन्नति हो रही है वह उसमें ही उलझा रहे। इसलिए मैं दोस्तों से कहूंगा कि हम लोग कोई ऐसी बात न करें जो बंग देश के अन्दर जो क्रान्ति हो रही है, जिसके पीछे वहां की जनता की भावना निहित है, जिसके पीछे वहां की जनता वहाँ की आर्थिक विषमता के खिलाफ पाकिस्तान के अत्याचारों के खिलाफ, याह्या सरकार के अत्याचारों के खिलाफ जो आन्दोलन उन्होंने छेड़ा है, जो उन्होंने क्रान्ति की है, उसमें किसी तरह का आघात हो। इसलिये मैं अपने दोस्तों से कहूंगा . . .

**श्री गनेशी लाल चौधरी** (उत्तर प्रदेश): उनके हाथ मजबूत हो रहे हैं।

**श्री सीताराम केसरी** : हम हाथ जरूर मजबूत कर रहे हैं। जो लोग यह समझते हैं कि इस तरह की अनुत्तरदायित्वपूर्ण बातों को कह कर हम बंग देश की क्रान्तिकारी जनता ने जो आन्दोलन छेड़ रखा है उसको मदद करते हैं, तो वह मदद नहीं कर रहे हैं। राष्ट्रीय विचार-धाराओं को मोबिलाइज करने की आवश्यकता होती है। आपको मालूम होना चाहिये कि जो जनतंत्र के आधार पर सरकार चलती है तो जब राष्ट्रीय मसले आते हैं, तो राष्ट्रीय विचारधारा की आवश्यकता होती है। और जब अन्तर्राष्ट्रीय मसले आते हैं, तो अन्तर्राष्ट्रीय विचारधारा को मोबिलाइज करने की आवश्यकता होती है। इसलिये मैं कहूंगा कि यह अन्तर्राष्ट्रीय मसला है और आज बंगला देश का मसला केवल एक राष्ट्रीय मसला नहीं है। याजी जी ने

[श्री सीताराम केसरी]

ठीक कहा कि सारे गरीबों, शोषित वर्गों और मजलूमों और सारी मानवता का प्रश्न है इसलिये इसको अन्तर्राष्ट्रीय लेबिल पर मानवता के आधार पर उस धरातल पर इसका मुकाबला करना चाहिये और हमें ऐसी कोई बात नहीं करनी चाहिये जिससे कि पाकिस्तान का प्रचार हमारे खिलाफ ज्यादा जोर पकड़ सके। एक यह भी वजह है कि आज बंग देश की जनता की जो मांग है उसमें बाधाएं उपस्थित हुई हैं। मैं अपने देशवासियों की देश-भक्ति के प्रति अविश्वास नहीं करता जैसा कि बाबू राजनारायण जी करते हैं। उनकी तरह मैं अविश्वास नहीं करता। वह जिसको चाहते हैं कह देते हैं कि देशद्रोही हैं, देशभक्त नहीं है, जैसे कि यही सबसे बड़े देशभक्त हैं और कोई देशभक्त नहीं है। उन्हें पता नहीं कि इस तरह की अनुत्तरदायित्वपूर्ण बातों को पाकिस्तान अन्तर्राष्ट्रीय धरातल पर हमारे खिलाफ इस्तेमाल करता है। आप जानते हैं कि जिस समय इस सदन में यह कहा गया कि भारत सरकार ने गलत काम किया कि उनको उकसा दिया गया बंग देश में लड़ाई छेड़ने के लिये और उसके बाद उनको छोड़ दिया, तो आप जानते हैं कि पाकिस्तान के रेडियो ने क्या कहा। उसने कहा कि हिन्दुस्तान की सदन के एक जिम्मेदार सदस्य ने यह मंजूर किया है कि हिन्दुस्तान की सरकार ने बंग देश में आन्दोलन करा करके उसको छोड़ दिया। इस तरह हिन्दुस्तान की सरकार बंग देश में जो क्रान्ति हुई उसकी जिम्मेवार है। तो यह गलत चीज है। इस तरह की अनुत्तरदायित्वपूर्ण बातें सदन में नहीं होनी चाहियें। देश-हित सर्वप्रथम है, राष्ट्र सबसे ऐसे समय में जबकि देश एक संकटकालीन परिस्थिति में है, जबकि हम ऐसे लोगों का समर्थन करना चाहते हैं जो कि मजलूम हैं, गरीब हैं, जो एक अच्छे उद्देश्य के लिये बंग देश की अपनी क्रान्ति कर रहे हैं, एक आन्दोलन चला रहे हैं उनके समर्थन में ऐसी बातें बोलनी चाहियें जिससे कि उनकी मदद हो उनका विरोध न हो। इसलिये मैं आपसे कहूंगा कि जो इस तरह की बातें होती हैं उस तरह की बातें नहीं होनी चाहिये।

एक चीज और मैं कह दूं। जो घटनायें बंग देश में घटी हैं वह सारे संसार को विदित है। हमारे देश के भी सब लोगों ने कहा कि मान्यता होनी चाहिये, मैं भी कहता हूं कि मान्यता होनी चाहिये, लेकिन मान्यता का समय होना चाहिये। मान्यता के पहले बहुत सारी परिस्थितियां हैं, बहुत सारी बातें हैं जिनको देखना पड़ेगा। कितने देश हैं, कितने राष्ट्र हैं, कितने लोग हैं, जो कि इसके पीछे एक समर्थन के लिये तैयार हैं। मैं एक चीज और कह दूं कि जो लोग समझते हैं कि हिन्दुस्तान विदेशी ताकत के ऊपर लड़ाई छेड़ेगा वह गलत समझते हैं। यह तो तरीके होते हैं विदेशों की भावनाओं को, विदेशों की विचारधाराओं को, विदेशों के ख्यालातों को, विदेशों के लोगों के मतों को अपने साथ लेने के। यह ज्ञात करने के तरीके हैं। फैसला हमारा होगा, कदम हमारा होगा, फौलादी कदम हम उठायेंगे, हम फैसला करेंगे कि लड़ाई कब छेड़नी है और कब नहीं छेड़नी है। एक चीज मैं बताना चाहता हूं कि आप जो यह जानना चाहते हैं कि इसके पीछे क्या है जब कि प्रधान मंत्री ने कहा कि यहां जो शरणार्थी आये हैं उन्हें वापिस जाना होगा, तो मेरा कहना है कि आप सत्य को समझने की

जबरदस्त फौलादी ख्याल है, उसे इंटरप्रेट कीजिये नीतियों पर, विचारधाराओं पर इस स्टेटमेंट को इंटरप्रेट कीजिये अगर आप इंटरप्रेट करना चाहते हैं अपने खयालात से अपने दल के लिये, तो वह सम्भव नहीं है।

मैं जानता हूं, एक साजिस चल रही है इस देश में। वह साजिस क्या है? चुनाव में कुछ लोग हार चुके, कुछ दल खत्म हो चुके और वह चाहते हैं इस मौके से लाभ उठाएं। लेकिन आप लाभ नहीं उठा सकोगे क्योंकि हिन्दुस्तान की जनता आप लोगों को अच्छी तरह जानती है कि आपके इस प्रचार के पीछे, इस प्रोपेगेन्डा के पीछे कौन से खयालात हैं? आपने देखा कि वह आन्दोलन नहीं चला रहे हैं, आपने देखा कि वह आपकी चालें नहीं चल रहे हैं, आपको जनता चुन नहीं रही है तो लगे आप हिन्दू और मुसलमान की बात करने।

**श्री सुन्दर सिंह भंडारी** : यह चुनाव की बात कर रहे हैं या बंगला देश की।

**श्री सीताराम केसरी** : यह गलत बातें आप कर रहे हैं, इनको देश की जनता पसंद नहीं करेगी।

**श्री गनेशी लाल चौधरी** : आप तो चुनाव हारे थे।

**श्री सीताराम केसरी** : मेरी बातें कान खोलकर सुनें। इस तरीके से आप समझते हैं कि आपका दल जीतेगा, या उसकी ताकत बढ़ेगी, सो यह नहीं बढ़ने की है। जो यह नहीं आई की है। आज इस देश में प्रबुद्धवाद आया है, आज इस देश में जनतंत्र के प्रति आस्था है, आज इस देश में सरकारी नीति के प्रति निष्ठा और विश्वास है। इस तरह से छोटी छोटी बातों को लेकर आप कितनी बड़ी आफत खड़ी करें, जनता आपका साथ नहीं देगी।

एक चीज और कह देना चाहता हूं। चंद दोस्तों ने कहा कि विदेशों में मिनिस्टरों को भेजने से क्या लाभ? बहुमत के आधार पर जो सरकार बनती है उसमें लोकमत बनाने की आवश्यकता होती है। हमारे मिनिस्टर्स जो गए वह लोकमत बनाने की तैयारी थी और उसमें हम बहुत कामयाब हुए। आप कहते हैं, यू० ए० आर० साथ नहीं देता है। अरे भाई, क्या कभी यू० ए० आर० ने आपकी मुखालिफत में कोई स्टेटमेंट दिया? कोई स्टेटमेंट अभी तक नहीं दिया है। यह भी तो देखना होगा। क्या यूनाइटेड नेशन्स में अरब देशों ने हमारे खिलाफ कोई स्टेटमेंट दिया। यह ठीक है उनकी अपनी विचारधारा है, उनकी अपनी परराष्ट्र नीति है। मगर आप खयाल कीजिए, क्या अमरीका ने हमेशा हमारे इस मुल्क के साथ पक्षपात नहीं किया? अमरीका ने, और खास कर यूनाइटेड किंगडम की मदद से, हमारे खिलाफ काम किया है, जिस तरह अंग्रेजों ने पाकिस्तान को जन्म दिया, उसके समर्थन में हम हमेशा खड़े रहे। एक जमाना था जब लोग कहते थे कि कृष्णा मेनन की गलत नीति है, कृष्णा मेनन यह गलत कह रहा है, अमरीका के खिलाफ है और रूस के साथ जा रहा है। मुझे इस सदन में आज आपको बतलाने में खुशी होती है कि उस सदन में स्वतंत्र पार्टी के एक बड़े प्रतिष्ठित सदस्य थे, उन्होंने एक बार बिगड़ते हुए उस सदन में कहा कि तब मैं उन्हें बदनाम करता था मगर आज मालूम हुआ कृष्णा मेनन की नीति अच्छी थी, इसका मतलब यह नहीं कि मैं चीन का समर्थक हूं, लेकिन इसलिए मैं कहता हूं कि अमरीका हमेशा ही पाकिस्तान

[श्री सीताराम केसरी]

को शस्त्रास्त्र देता रहा है, लड़ाई का सामान देता रहा है । वह मौत का सौदागर है, उसी तरह से इंगलैंड मौत का सौदागर है, आज जो कोई देश पाकिस्तान को शस्त्रास्त्र देता है वह मौत का सौदागर है । तो सिर्फ विरोध करने के लिये विरोध करना, गलत चीज है । आपको यह मानकर चलना होगा कि रूस ने, उसके राष्ट्रपति ने, जिस समय बंगला देश की क्रान्ति हुई, फौरन लिखा कि यह गलत हो रहा है, यह कत्ले आम नहीं होना चाहिए और वहां की जनता की भावनाओं का समर्थन करना चाहिये । धन्यवाद ।

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, मैं इस निश्चित मत का हूं कि बंगला देश को अब तक हमने जो मान्यता नहीं दी, गलत हुआ । मैं इस निश्चित मत का भी हूं कि आज बंगला देश को मान्यता देने में जितना ही विलम्ब होगा उतनी ही नयी नयी समस्याएं पैदा होंगी और भारत दिन प्रति दिन उनमें उलझता है ।

दिन प्रति दिन हमारी कठिनाइयां बढ़ती ही चली जायेंगी । अब जो तत्व तत्काल मान्यता देने के पक्ष में नहीं हैं, मैं उनको जवाब देना चाहता हूं कि मान्यता देने के बारे में देरी क्यों की जा रही है । जब 31 मार्च को संसद् ने सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पास कर दिया--"भारत की भौगोलिक स्थिति और इतिहास, संस्कृति और परम्परा के शताब्दियों पुराने संबंधों से इस महाद्वीप की जनता के आबद्ध होने के कारण यह सभा अपनी सीमा के इतने निकट घटित हो रहे इस भयावह कांड के प्रति उदासीन नहीं रह सकती है । इस समय वहां के निहत्थे तथा निरपराध लोगों पर जिस अभूतपूर्व पैमाने पर अत्याचार किये जा रहे हैं उसकी हमारे देश में सर्वत्र जनता द्वारा असंदिग्ध शब्दों में निंदा की गयी है ।

यह सभा लोकतंत्रात्मक जीवन पद्धति के लिये पूर्वी बंगला की जनता द्वारा किये जा रहे संघर्ष के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति और एकात्मता व्यक्त करती है । यह सभा उन्हें आश्वासन देना चाहती है कि उनके संघर्ष और बलिदान को भारत के लोगों की हार्दिक सहानुभूति और समर्थन प्राप्त है ।"

मैं यह कहना चाहता हूं कि इस प्रस्ताव के बाद क्या तत्काल हमारा नैतिक और राजनैतिक कर्त्तव्य नहीं हो गया कि हम उनको तत्काल मान्यता दें । *[Interruption]* इसके बारे में हमारे पास प्रमाण हैं । मुजीबुर्रहमान ने अपने को इंडिपेन्डेन्ट डिक्लियर किया, उसके बारे में समय दिया जाना चाहिये । 17 अप्रैल को स्वाधीन बंगला देश की स्थापना हो गई थी । 15 मार्च को याह्या खां 3.3 बजे ढाका पहुंचे हैं और 15 ही मार्च को मुजीबुर्रहमान ने अपने हाथ में शासन लिया और कहा कि मैं इस देश का शासक हूं । 15 मार्च को उन्होंने यह बात कही । 15 मार्च के बाद हम अब 25 मार्च की बात पर नहीं जाते हैं । हमारा तो तर्क यह है कि 15 मार्च को ही भारत सरकार को मुजीबुर्रहमान की सरकार को मान्यता दे देनी चाहिये थी ।

मैं अपने मित्र श्री शीलभद्र याजी से यह कहना चाहता हूं और हमारे जिन सम्मानित सदस्यों ने शंका पैदा की है कि मान्यता के प्रश्न से तो हम सहमत हैं मगर यह बात सरकार पर छोड़ दी जानी चाहिये । तो मैं उन सम्मानित सदस्यों से निवेदन के साथ कहना चाहता हूं कि अगर मैं यह बात कहूं

तो वह देश के साथ वफादारी और गैर-वफादारी की बात होगी ? क्या तिब्बत का प्रश्न भारत सरकार के ऊपर नहीं छोड़ दिया गया था ? तिब्बत में हमारे 12 डाक बंगले थे, तिब्बत में हमारे तीन फौजी जानकार थे, तिब्बत में हमारा डाकघर, चिट्ठीघर और टेलीफून घर था और इस तरह से तिब्बत चीन के खूनी पंजों के नीचे चला गया। इसी तरह से हमारा यह डर है कि तिब्बत के जो 61 हजार शरणार्थी यहां पर दलाई लामा के नेतृत्व में पड़े हुए हैं उन्हें भी यह सरकार चीन की सरकार को न सौंप दे। हमको इस बात का भी डर है कि जो बंगला देश की शरणार्थी यहां पर आ गये हैं वह सरकार कहीं उन्हें भी किसी दूसरे राष्ट्र के सुपुर्द न कर दें ? इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इसमें हमारा कोई व्यक्तिगत सवाल नहीं है, यह सवाल सारे देश का है, सारे विश्व का है, सारे मानव का है और सारे जनतंत्रीय जीवन पद्धति का है। इसलिए एक व्यक्ति के ऊपर आरोप लगाना, इसमें काम नहीं चलेगा।

श्रीमन्, मैं यह कहना चाहता हूँ कि एक उदाहरण तिब्बत का काफी हो गया। वैसे हमारे सामने काश्मीर का सवाल है और उर्वशियम का सवाल है। हमने अपने मित्र श्री स्वर्ण सिंह जी से एक बार इस सदन में सवाल पूछा था कि क्या हम वह दिन भूल गये जब 10 अक्तूबर 1962 को जब प्रधान मंत्री कोलम्बो जा रहे थे तब उनसे पत्रकारों ने पूछा हवाई अड्डे पर कि आप तो कोलम्बो जा रहे हैं लेकिन उत्तरी पूर्वी सीमा पर बड़ी मात्रा में चीनी पलटनें आ रही हैं। भारत के प्रधान मंत्री ने कहा, हां, हमें मालूम है और हमने अपनी पलटन को हुक्म दे दिया है कि वह हमलावार चीन को खदेड़ कर भगा दे। श्रीमन्, ठीक 10 दिन के बाद यानी 20 तारीख को हम जहां खदेड़ने को गये वहां हम खुद खदेड़े गये और 150 मील तक हमारी पलटन पीछे अपने घर को भागी। इसलिए मैं अब अपने मित्र श्री शीलभद्र याजी से हाथ जोड़कर निवेदन करना चाहता हूँ कि वे हमारी बात को सुनें, आपके द्वारा उसको हृदयंगम करें कि इससे बढ़कर ऐसी राष्ट्रीय शर्म की सरकार क्या होगी। हमने चीन पर हमला नहीं किया था। चीन की जमीन पर हम भगाए गए होते, तो दूसरी बात थी, मगर हम अपने घर में थे, हमारे घर में घुसकर चीन के सैनिकों ने हमको भगाया 5 दिन में 150 मील। क्या हम अपने अतीत को भूल जायें। हमसे जब यह कहा जाता है कि सरकार पर छोड़ दो, मान्यता दे देगी, जब उपयुक्त समय आएगा तब दे देगी, तो इस सरकार की जो भयंकर हिमालयन भूलें हुई हैं उनकी तरफ हम नजर न डालें। इसलिए मैं देश की जनता से कहना चाहता हूँ कि जनता उठे और उठकर इस सरकार पर इस प्रबल ढंग से दबाव डाले कि आज अभी फौरन इस सदन के उठते-उठते स्वाधीन बंगला देश को मान्यता देने की घोषणा की जाय सब प्रकार की सहायता, नैतिक, भौतिक, सामरिक।

अक्सर कुछ लोग हमसे कह दिया करते हैं कि बंगला देश के सवाल को लेकर साम्प्रदायवादी वातारण न बनाया जाय। मैं अदब के साथ पूछना चाहता हूँ सम्प्रदायवादी कौन। जो बंगला देश को मान्यता नहीं दे रहा है, जो बंगला देश को मान्यता देने में विलम्ब कर रहा है वह सम्प्रदायवादी है।

**श्री शीलभद्र याजी** : कैसे।

**श्री राजनारायण** : हाँ यह पूछ सकते हो कैसे, क्योंकि उसके दिल में डर है कि अगर

[श्री राजनारायण]

हम बंगला देश को मान्यता दे देंगे, तो हो सकता है कि भारत की माइनारिटी कम्युनिटी हमारे विरुद्ध विद्रोह कर दे।

**श्री शीलभद्र याजी** : ऐसी बात मत करो।

**श्री राजनारायण** : हो सकता है कि गलत हो। समाचार पत्रों में यह चीज आई है, हमारे सामने ये बातें कही गई हैं, हम उन लोगों का नाम नहीं बताएंगे···क्योंकि इस समय बीमारी की अवस्था में पड़े हुए हैं। उन्होंने यहां तक कहा है कि जिन लोगों ने हमको वोट देकर भेजा है उनको रंज करने की हमें जरूरत नहीं है, इसलिए बंगला देश को मान्यता देने के सवाल को हम जल्दी हल नहीं करना चाहते हैं। अगर यह बात गलत है, तो अच्छा है, मगर अगर सही है, तो छाती पर हाथ रख कर ठंडे चित्त से पूछो।

चागला साहब को इस समय में बहुत ही धन्यवाद देना चाहता हूं। चागला साहब का सम्पूर्ण भाषण · · ·

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** (उत्तर प्रदेश) : चागला साहब के बारे में मैं कह चुका हूं कि जनसंघ उन्हें अपना प्रेजिडेंट बना ले, तो बहुत सही जगह पहुंच जाएंगे।

**श्री मानसिंह वर्मा** : जो सही बात कहेगा वह मुसलमान भी हिन्दुस्तान में मुसलमान नहीं रहेगा।

**श्री पीताम्बर दास** : पानी कहां जाकर मरा !

[*Interruption*]

**श्री राजनारायण** : श्रीमान्, मैं चागला साहब को बधाई दे रहा हूं और चागला साहब के सम्पूर्ण भाषण को में अपना भाषण मानने के लिए तैयार हूं। चागला साहब ने कहा कि याह्या तो टू-नेशन के सिद्धन्त को मानता है। उन्होंने ठीक कहा, मैं भी वही कहता हूं। याह्या दो राष्ट्र के सिद्धान्त को मानता है, इसीलिए वह स्वधीन बंगला देश से उन लोगों को निकालकर बाहर करना चाहता है जो याह्या खां के विचार के समर्थक नहीं हैं। वह चाहता है कि सम्पूर्ण याह्यावादी वहां रह जाये, शुद्ध मुस्लिम लीगी, मुस्लिम परस्त रह जाय। चागला साहब ने बहुत ही सफाई के साथ अपने तर्कों से इसको सिद्ध कर दिया।

अब मैं कहता हूं कि मान्यता देने से क्या होता है। अगर मान्यता दे दी जाय तो केवल भारत का हथियार ही नहीं जाएगा, दुनिया में ऐसे अनेक राष्ट्र हैं जो अगर भारत की सरकार मान्यता दे देती है तो भारत के द्वारा स्वाधीन बंगला देश की सरकार को हथियार भेजेंगे। उनके लिए कोई दिक्कत नहीं होगी। इसलिये मान्यता देने में एक सबसे बड़ी बात यह होती है कि हम स्वाधीन बंगला देश को एक स्वतंत्र राष्ट्र मान लेते हैं और एक स्वतंत्र राष्ट्र होने से उसकी हैसियत बढ़ जाती है। इसलिये हमारी समझ में नहीं आता है कि हमारी सरकार स्वाधीन बंगला देश को मान्यता क्यों नहीं दे रही है। मुजीबर्रहमान जी कहते हैं कि हमको मान्यता दो। उनके वकिंग प्रेसिडेंट कहते है कि हम को मान्यता दो। ताजुद्दीन साहब कहते हैं कि हमको मान्यता दो। उनकी असेम्बली के जो मेम्बर यहां आए थे वे सेंट्रल हाल में डंके की चोट पर

कह गए कि हमें मान्यता दो। उन्होंने कहा कि दुनिया के और मुल्क हमको मान्यता दें चाहे न दें, हम तो भारत की गोद में हैं, हम को भारत तीन तरफ से घेरे हुये है, इसलिये भारत हमको मान्यता दे। उनका यह भी कहना है कि 23 साल पहले हम एक थे और हमारा खून एक है। ताजुद्दीन साहब ने यहां तक कहा कि भारत की सरकार मान्यता देने में जितनी देर कर रही है उससे एक एक दिन में हजारों हजार लोगों का वध हो रहा है। ताजुद्दीन साहब के इस बयान के रहते भारत की सरकार कहती है कि हम तुमको मान्यता नहीं देंगे।

**श्री शीलभद्र याजी :** यह कहां सरकार कहती है कि मान्यता नहीं देंगे।

**श्री राजनारायण :** बस यही कह रही है भारत की सरकार की हम उचित समय पर अपने देश के हित में बंगला देश के दिल में जो बात होगी उसको देखते हुये मान्यता देने पर विचार करेंगे। याजी जी के लिये मैं कहता हूं कि याजी जी, मैं आपके साथ हूँ। लेकिन प्रश्न यह है कि आज हमको 50 रु० की जरूरत है और वे कहते हैं कि अभी तुमको जरूरत नहीं है, यह हम तह करेंगे कि तुम को कब जरूरत है। उसी प्रकार स्वाधीन बंगला देश कहता है कि हमको अभी फौरन मदद दो, अभी मान्यता दो, फौरन मान्यता दो एक-एक दिन की देरी में हजारों हजार आदमियों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ रहा है। लेकिन भारत सरकार का यह कहना है कि अभी उपयुक्त समय नहीं आया है, धीरज रखो, जब उपयुक्त समय आयेगा तब हम तुमको मान्मता देंगे। अभी भारत की सरकार सोच ही रही है कि वह कब मान्यता दे। कब न दे। जहां बिल्कुल गांव के गांव नष्ट हो गये, जहां कोई फसल नहीं रह गई है, जहां लोगों के पास खाने को नहीं है, वहां के लिए भारत की सरकार कहती है कि अभी मान्यता देने का समय नहीं आया। हमारे यहां बहुत से नौजवान देश के कोने-कोने से आये हैं। मैं उनसे कल कह रहा था कि तुम्हारी जवानी किस दिन काम आयेगी, हमने तो अपनी जवानी में अंग्रेजी साम्राज्य को चुनौती दी थी और तब पता नहीं कितने नौजवान कत्ल कर दिए गये, कितने मासूम बच्चे संगीनों पर लटका कर मार दिये, न मालूम कितनी माताएं विधवा हो गई, न मालूम कितनी माताओं की गोदें सूनी हो गई। तो आज भी भारत की सरकार कह रही है कि अभी समय नहीं आया, अभी समय नहीं आया। जब तक सरकार की इस प्रकार की बुद्धि है तब तक वह समय कभी नहीं आयेगा। इस लिये इस बुद्धि को दुरुस्त करने के लिये आज हम भारत की जनता का आवाहन करते हैं कि ऐ भारत के लोगो, उठो, भारत की सरकार को दबाओ ताकि अविलम्ब स्वाधीन बंगला देश को मान्यता मिले और मान्यता मिल कर उसको सभी प्रकार की सहायता मिले और दूसरे लोग भी उसको सहायता दें।

**श्री उपसभापति :** आपका भाषण समाप्त हो गया।

**श्री राजनारायण :** अभी तो हमारे 8 मिनट भी नहीं हुए।

**श्री उपसभापति :** आपके 18 मिनट हो गए हैं।

**श्री राजनारायण :** मैं आज फिर उसे ताजा करना चाहता हूं, हो सकता है कि सदन के सम्मानित सदस्यों की स्मरण शक्ति

[श्री राजनारायण]

विस्मृत हो गयी हो, कुठित हो गयी हो, इसलिए उसको ताजा करने के लिए डा० लोहिया का एक लेख पढ़ना चाहता हूं ताकि लोग यह भी समझ लें कि उस समय का दिमाग कहां था और उस समय का दिमाग आज हमसे क्या अपेक्षा कर रहा है। श्रीमन् डा० लोहिया ने लिखा है कि यह बात हिन्दुस्तान के लिए लागू नहीं होती क्योंकि हिन्दुस्तान का कोई हिस्सा ऐसा नहीं जो उसका स्वाभाविक अंग न हो या उससे अलग होना चाहता हो। इसके विपरीत पाकिस्तान की बनावट बिल्कुल नकली है और उसके दो हिस्सों के बीच एक हजार मील हिन्दुस्तान का इलाका है। पूर्व और पश्चिम पाकिस्तान के मौजूदा रिश्ते कायम नहीं रह सकते। पूर्व पाकिस्तान या तो पश्चिम पाकिस्तान का गुलाम बन जाएगा या फिर पश्चिम पाकिस्तान के साथ उसका रिश्ता बराबर ढीला पड़ता जायगा और उसे हिन्दुस्तान में अपने पड़ोस के इलाकों के साथ संबंध बनाने होंगे। पश्चिमी पाकिस्तान के पास इतनी फौजी ताकत नहीं कि वह पूर्वी पाकिस्तान को गुलाम बना सके, सैद्धांतिक प्रभाव निःसन्देह है, लेकिन कितने दिनों तक कायम रहेगा यह कहा नहीं जा सकता, अतः गुलामी की अपेक्षा स्वाधीनता की भावना अच्छी है। इतिहास के परिणामों से बचा नहीं जा सकता। इसको जरा सुन लें श्री शीलभद्र याजी जी, हिन्दुस्तान चाहे इस में कोई भी मदद न करे फिर भी पाकिस्तान को शक होगा और स्वाभाविक रूप से विकसित होने वाली चीज को वह हिन्दुस्तान पर डालेगा। अभी भी व्यापार और भाषा और नौकरशाही के बारे में पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान में थोड़े झगड़े पैदा हो गये हैं और आगे भी होंगे। इन झगड़ों को बुद्धि से सुलझाने के बजाय पाकिस्तान हिन्दू मुस्लिम और हिन्दुस्तान पाकिस्तान की सीमा पर झगड़े उठाने का खतरनाक तरीका अपनायेगा।

**श्री महावीर त्यागी :** यह किस ने लिखा है ?

**श्री राजनारायण : डा० लोहिया ने।**

**एक माननीय सदस्य :** कब लिखा ?

**श्री राजनारायण :** 1948 में। इसको जरा आप ख्याल कर लें कि यह 1948 में लिखा गया। 1948 की ही एक भविष्यवाणी मैं और करना चाहता हूँ।

**श्री शीलभद्र याजी :** चूंकि उन्होंने मुझको संबोधित किया है इसलिए मैं उनको ज्ञात कराता हूँ। यह 1948 की बात है। 1947 में जब, कांस्टीट्यूशन क्लब में हिन्दुस्तान के बटवारे का निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की मीटिंग में हो रहा था उस समय हमसे लोहिया साहब का झगड़ा हुआ। उस समय हम लोग माउन्ट बैटन प्लान का विरोध कर रहे थे और यह लोग न्यूटरल थे जनखा बने हुए थे। डा० लोहिया थे वहां। तो मैं उनकी याद ताजा करना चाहता हूँ कि हम लोग जो फार्वर्ड ब्लाक के 35 आदमी थे आल इंडिया कांग्रेस कमेटी में, तो हम लोग माउन्ट बैटन प्लान का विरोध कर रहे थे। इनकी पार्टी ने कहा कि हम न्यूटरल रहेंगे और न्यूटरल का मतलब होता है मौनम् सम्मति लक्षणम्, या जनखा।

**श्री राजनारायण :** श्रीमन् शीलभद्र याजी की इस बात को मैं मानता हूँ। मैं

उन लोगों में से नहीं हूँ जो अपनी गल्ती को मानने से इन्कार करते हैं ।

**श्री पीताम्बर दास** : शीलभद्र जी यह बताना भूल गये कि न्यूटरल के जो अर्थ हैं वह संस्कृत के शब्दकोश के अनुसार नपुंसक के होते हैं ।

**श्री राजनारायण** : श्रीमन् मैं पुनः आप के द्वारा इस सदन के सम्मानित सदस्यों को बताना चाहता हूं कि अनावश्यक ढंग से अपने जज्बात का इजहार यहां न करें। शीलभद्र याजी जी ने जो बात कही है मैं उसको सही कहता हूँ । उस समय यह हमारे चित्त की दुर्बलता थी । उस समय सोशलिष्ट पार्टी ने गलत काम किया । उस समय सोशलिष्ट पार्टी गांधी जी के प्रभाव में आ गई थी और गांधी जी ने डा० लोहिया को एक आश्वासन दिया था कि तुम लोग तटस्थ रहो, यह जो करना चाहते हैं उन को करने दो मगर मैं तुमको यह बताता हूं कि जिस तरह से 1920 में हमने सारे देश का भ्रमण करके अंग्रेजी साम्राज्यवाद के विरुद्ध वातावरण तैयार किया था उसी तरह इस सरकार के विरुद्ध वातावरण तैयार करूंगा यदि यह जनहित की सरकार नहीं रही तो। डा० लोहिया ने स्वतः अपनी एक पुस्तिका में इस बात को सही लिखा है कि · · ·

**श्री हयातुल्ला अनसारी** : गांधी जी का मामला है इसलिए मैं सफाई करना चाहूँगा । जहां तक मुझे मालूम है गांधी जी ने जब फैसला किया, तो उस दिन उन्होंने कह दिया लार्ड माऊंट बैटन से कि बंटवारा हो जाय ।

**श्री शीलभद्र याजी** : गलत बोलते हैं । मैं जानता हूँ · · ·

**श्री निरंजन वर्मा** : मौलाना आजाद की किताब पढ़िये ।

**श्री शीलभद्र याजी** : मैं कहता हू कि गाधी जी की बात को वह गलत बता रहे है । गाधी जी के बारे मे यह गलत बात है । मै बतलाऊगा कि क्या बात हुई है ।

**श्री हयातुल्ला अनसारी** : वह खामोश हो गये, बोले नही है ।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : It is a matter of history. Mr. Ansari, it is a matter of history and let us not interpret history in this House. Let us coniine ourselves to the present matter.

**श्री हयातुल्ला अनसारी** : लेकिन जिस दिन गांधी जी ने फैसला किया है खामोश रहने का—मैं उनकी बात मानता हूं—उन्होंने डा० लोहिया से कोई बात नहीं कही ।

**श्री राजनारायण** : देखिये, यह हमारे समय में नहीं जायगा ।

**श्री पीताम्बर दास** : श्रीमन्, मेक-अप नया है चेहरा पुराना, आधी हकीकत आधा फसाना ।

**श्री टी० एन० सिंह** (उत्तर प्रदेश) : गांधी जी का नाम लिया गया है । हम पुराने कांग्रेसी हैं । मैं समझता हूँ कि गाँधी जी पर हयातुल्ला साहब ने गलत आरोप लगाया है । मैं आपसे कहता हूं कि गाँधी जी के मरने के बाद इस तरह की चीज नहीं कहनी चाहिये ।

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** : मैं माफी मांगता हूँ, जिस तरह कहा गया था, उस तरह नहीं है, वह बात नहीं है लेकिन ...

**श्री टी० एन० सिंह** : आप गलत काम कर रहे हैं।

**श्री राजनारायण** : यह किताब है, मौलाना आजाद ने लिखी है।

**श्री टी० एन० सिंह** : हयातुल्ला साहब, आप गांधी जी को क्यों घसीट रहे हैं।

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** : मैंने नहीं घसीटा है, लेकिन यह बात हुई थी।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Let us not interpret history. Mr. Rajnarain please continue.

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, हमें किसी व्यक्ति विशेष के बारे में नहीं कहना चाहिये, मगर जिस जेहनियत का, जिस जज्बात का इजहार हमारे मित्र ने किया है, वह निहायत गलत जजबात है, मैं इतना कह कर इसको खत्म करता हूँ।

मौलाना आजाद ने एक पुस्तक लिखी, "इंडिया विंस फ्रीडम" हुमायून् कबिर ने वह पुस्तक लिखी, उस पुस्तक को मंगाये और पढ़ें, उन्होंने साफ लिखी है उसी समय की बात। उसमें है : मैं हैरत में हूँ कि जो आदमी हमेशा बंटवारे का विरोधी था, वह आखिरी दिनों में बंटवारे का पक्षपाती क्यों ? और इसका जवाब दिया है—इसमें जो भी कारण रहा हो, एक कारण जरूर है श्री नेहरू पर लेडी माउटबैटन के प्रभाव का होना।

**श्री ओम् मेहता** : यह फिर इस तरह की बात करते हैं।

**श्री नवल किशोर** (उत्तर प्रदेश) : यह हिस्ट्री को बात बता रहे हैं।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : He is quoting from Maulana Azad's book, "India Wins Freedom".

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, इसी तरह से मैं सम्मानित सदस्यों के लिए इस बात को भी बता दूं कि डा० लोहिया ने उसी समय इस बात की चेतावनी दे दी थी कि जब पूर्व बंगाल अपनी स्वाधीनता की लड़ाई लड़ेगा, तो हिन्दुस्तान की सरकार उनकी या पूर्वी पाकिस्तान की यातना के सामने तटस्थ रह सकती है, लेकिन यह जरूरी है कि हिन्दुस्तान के लोग ऐसा पाप न करें। डा० लोहिया ने हिन्दुस्तान की सरकार और हिन्दुस्तान के लोगों में फर्क किया था। उन्होंने कहा था चेतावनी दे दी थी कि भारत की सरकार तटस्थ रह सकती है, लेकिन ऐ भारत के लोग, अगर भारत की सरकार तटस्थ रहती है, तो तुम ऐसा न करो, यह महापाप है, तुम स्वाधीन बंगला देश की लड़ाई में अपनी कुर्बानी करना।

*(Time bell rings)*

श्रीमन्, इसी लेख के आखिर में है। 1948 में, बंटवारे के कुछ महीने के बाद मैंने कहा था कि तीन में से किसी एक या तीनों तरीके से पाकिस्तान का अन्त हो जायगा, बातचीत के जरिये संघीय एकता, हिन्दुस्तान में समाजवादी क्रांति और पाकिस्तान के हमला करने पर हिन्दुस्तान का जवाबी हमला। इस भाषण से श्री जिन्ना जो उस समय पाकिस्तान के गवर्नर जनरल थे चिढ़ गये थे। महात्मा गांधी भी

उस समय जिन्दा थे। लेकिन इस राय को बदलने की मैं कोई जरूरत नहीं देखता सिवाय इसके कि उनकी मृत्यु से एकता के सारे क्रम धीमे पड़ गये हैं। जो भी देरी होती है, उसकी पूरी जिम्मेदारी हिन्दू कट्टरपन्थियों पर है। यह उनकी राय है।

श्रीमन्, अब मैं आपके द्वारा आपकी इजाजत ले कर के अपने मित्र श्री शीलभद्र याजी, सरदार स्वर्ण सिंह या दीक्षित जी से यह कहूंगा कि इतिहास को मत भूलो, अतीत को मत भूलो। जिस प्रस्ताव में मुल्क के बंटवारे को कबूल किया था, उसमें भी कुछ प्रतिज्ञा की गई है क्या? 14-15 जून, 1947 दिल्ली। ए० आई० सी० सी० गांधी जी थे। प्रस्ताव में है: कांग्रेस ने—वह कांग्रेस तो मर गई, गांधी जी की कांग्रेस तो अब है नहीं, वह मर गई 30 जनवरी, 1948 को ही, उस कांग्रेस की हत्या हो गई, जिसके नेता गांधी जी थे—तो कांग्रेस ने अपने जन्म-काल से एक संयुक्त आजाद हिन्दुस्तान का सपना देखा है उसको हासिल करने के लिये लाखों नर-नारियों ने कष्ट झेले हैं। हमारा हिन्दुस्तान, जिसको दुनिया ने, जिस को इतिहास ने, जिसको भूगोल ने, समुन्द्र ने, पहाड़ ने एक बनाया है, दुनिया की कोई बड़ी ताकत उसके भाग्य के आड़े नहीं आ सकती। जिस हिन्दुस्तान का सपना हमने देखा है, वह सदा सर्वदा हमारे हृदय और ध्यान में रहेगा। मैं स्वर्ण सिंह जी से पूछना चाहूँगा, इसका मतलब क्या है? इसका मतलब यह है कि हमारे हिन्दुस्तान का स्वरूप वह होगा, जिसके लिए हमने प्रतिज्ञा की है 14-15 जून, 1947 को। इस बात को भूल कर जो राजनीति के नए गबरू हैं, वह कहें पाकिस्तान हमला बोल देगा, चीन हमला बोल देगा, तो मैं समझता हूं, वह अतीत को भूले नहीं, जो कि भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम में कोई हिस्सा बटाए नही . . .

**श्री उपसभापति :** राजनारायण जी, आपके 30 मिनट हो गए हैं।

**श्री राजनारायण :** उस 30 मिनट में शीलभद्र याजी और तमाम लोग भी हैं।

**श्री उपसभापति :** तीन, चार मिनट और देता हूं। उसमें आप खत्म कर दीजिए।

**श्री राजनारायण :** मैं फिर इस बात को आपके द्वारा दोहरा देना चाहूंगा कि हमारी संसद् के केन्द्रीय हाल में जो राष्ट्रीय समिति के 3 प्रतिनिधि आए थे, उन तीनों ने क्या यह नहीं कहा कि उनके लिए पाकिस्तान सर्वदा-सर्वदा के लिए दफना दिया गया? कहा कि नहीं कहा? क्या बंगला देश के प्रधान ताजुद्दीन नहीं कहते हैं कि अब कोई ताकत बंगला देश और पाकिस्तान को एक नहीं कर सकती, हमारा वह रिश्ता अब कायम नहीं हो सकता, जो पहले था। तो पाकिस्तान को तो दफना दिया याह्या खां ने। याह्या खां ने पाकिस्तान को खत्म कर दिया—उसकी फौजी ताकत ने। इसलिए आप क्यों डरते हो कि पाकिस्तान को खत्म करने की बात करेंगे तो हम कोई बड़ा पाप कर देंगे या हमारे ऊपर कोई लांछन लगा देगा। कोई लांछन नहीं लगेगा। अपने चित्त की दुर्बलता को छिपाने के लिए, अपनी अकर्मण्यता को छिपाने के लिए यह तर्क दिया जाता है कि हम तो पाकिस्तान को मान कर चलते हैं। उधर पाकिस्तान से पख्तूनिस्तान जा रहा है, बिलोचिस्तान जा रहा है। तो सारी बातें अपनी जगह पर आ

[श्री राजनारायण]

जाएंगी और इतिहास के परिणामों से बचा नहीं जा सकता ।

इस संबंध में जो आज मुजीबुर्रहमान को सजा देने की चर्चा हो रही है, मैं चाहता हूं, यह सदन एक स्वर से उस आवाज को उठाए कि खबरदार, अगर मुजीब को तुम सजा दोगे, फांसी दोगे तो भारत का एक-एक नागरिक अपने को फांसी समझेगा और हम पूरी ताकत से उस फांसी की बात को उस समय सारी दुनिया में फैलाएं ताकि ऐसा न हो कि मुजीबुर्रहमान हमारे बीच से उठ जाएं । मैं कहना चाहता हूँ, श्रीमन्, क्या अगर हम स्वाधीन बंगला देश को मान्यता दे दिए होते तो यह स्थिति होती कि मुजीब को फांसी की बात उठती ? हर्गिज नहीं उठती । बंगला देश को अब तक मान्यता न देने का नतीजा हो रहा है कि मुजीबुर्रहमान को फांसी देने की बात हो रही है, मुकद्दमा चलाने की बात हो रही है । इसकी जिम्मेदारी भारत सरकार पर है । मैं कहना चाहता हूं : आज क्या स्वाधीन भारत के शहीदों के खून से भारत सरकार का हाथ नहीं रंगा है ? आप उसको कहते हैं कि शरणार्थी समस्या है । किसने शरणार्थी समस्या पैदा की ? शरणार्थी समस्या पैदा हुई भारत सरकार के मान्यता न देने के कारण, क्योंकि 25 मार्च के बाद 15 अप्रैल तक—हमने वहां के लोगों से बात की हैं—एक शरणार्थी नहीं आया । 17 अप्रैल को मुजीबुर्रहमान की सरकार बन गई मुजीब नगर में, सरकार बनने की घोषणा हो गई थी । हमने भारत सरकार से कहा अब भी मान्यता दे दो, तुम कहते थे सरकार कहां है, मगर सरकार अब तो बन गई । तब सरकार ने कोई जवाब नहीं दिया ।

मैं आपके द्वारा सदन के सम्मानित सदस्यों को याद दिलाना चाहता हूं —क्या हमारे राष्ट्रपति ने सार्वजनिक बयान नहीं दिया था कि बंगला देश की मान्यता का प्रश्न हमारी सरकार के सामने सक्रिय रूप से विचाराधीन है, प्रधान मंत्री महोदय शिमला से लौट कर आएंगी तो समस्या हल हो जाएगी । फिर भी, चार महीने हो गए—मार्च, अप्रैल, मई, जून और यह पांचवां महीना जा रहा है, चार महीने मुकम्मल बीत गए, अभी तक भारत सरकार के दिमाग का जाला नहीं कटा और मान्यता देने के लिए अभी भी अग्रसर नहीं हुई । अब तर्क, वितर्क और कुतर्क हो रहे हैं ।

**श्री उपसभापति** : अब आप खत्म कीजिये । आप 30 मिनट बोल चुके हैं ।

**श्री राजनारायण**: श्री ओम् मेहता हम से बोलने के लिए कहते है, इसलिए हम बोल रहे हैं ।

**श्री उपसभापति** : आपने 30 मिनट से ज्यादा समय ले लिया है और अभी कुछ लोग और बोलने वाले हैं।

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, हम पांच मिनट में खत्म कर देंगे ।

**श्री अर्जुन अरोड़ा** (उत्तर प्रदेश) : इन्हे पांच बजे तक बोलने दीजिये ।

**श्री राजनारायण** : श्रीमन्, मुझे दुःख के साथ सर चार्ल्स वेल्स के कथन को दोहराना पड़ रहा है, जो उन्होंने 1924 में कहा था । मैं आज इस सदन के सम्मानित सदस्यों को उनकी बात का स्मरण करवाना

चाहता हूँ, जिसकी बात की इस सरकार ने उपेक्षा की है। उन्होंने कहा था कि अगर तिब्बत चीन के कब्जे में चला जाता है तो नेपाल, भूटान और सिक्कम भारत से अपना मुंह फेर कर चीन की तरफ देखेंगे। मैं आज कहना चाहता हूँ कि बंगला देश के लोग आज संसद में हम से बातचीत करने के लिए आये हुए हैं। आज अगर बंगला देश को भारत की सरकार मान्यता नहीं देती हैं। बंगला देश भारत से विरत होता है, तो नेपाल, भूटान और सिक्कम कहां जायेंगे ? नेपाल के लोग हमारे साथ पढ़े हुए है। जितने भी वहाँ पर मिनिस्टर, प्राइम मिनिस्टर हुए, वे सब हमारे सहपाठी रह चुके हैं, आन्दोलनों में साथ रह चुके हैं और जेलों में साथ रह चुके हैं। वे सब लोग मुझ से कहते हैं कि जब तुम्हारी ताक़त होगी तब ही तो तुम्हारे साथ रहेंगे। ताक़त तुम्हारी हैं नहीं, हम कहाँ रहें और किस के साथ रहें तुम्हारे साथ रहने से हमारी हित की रक्षा कैसे होगी ? आज स्वाधीन बंगला देश की जनता और वहां के नेता कह रहे है, ऐ भारत के लोगों तुम हमारी हित की रक्षा नहीं कर सकते हो जब कि तुम अपने हित की रक्षा नहीं कर सकते हो। इसलिए मैं बिना हिजक कहना चाहता हूँ कि बंगला देश पर जो हमला हुआ है, वह हमला सीधे-सीधे-भारत पर हुआ है, भारत पर वह हमला है और भारत को सफाई के साथ कहना चाहिये कि यह हमला भारत पर है। इसमें कहां साम्प्रदायिकता आती है ?

यहां पर साढ़े छः करोड़ मुसलमान हैं। मैं इस समय याह्या खां के खिलाफ अनबन कहना नहीं चाहता हूँ, मगर मैं यह कहना चाहता हूं कि याह्या खां के तमाम पाप, कुकर्मों का समर्थन हम दे रहे हैं अपनी अकर्मण्यता से और स्वाधीन बंगला देश को मान्यता न देकर। आज हम याह्या खां के टर्मों का समर्थन मौन ढ़ंग से कर रहे हैं, यह भारत की सरकार कर रही है और भारत की सरकार मौन व्याख्या दे रही है कि ऐ अमेरिका वालों तुम चीन से रिश्ता बढ़ा लो, ऐ याहिया खां, तुम बंगला देश की जनता पर कत्ल करो। यह मौन व्याख्या है।

**श्री उपसभापति :** अब आप समाप्त कीजिये और कम से कम एक आदमी तो और बोल सकता है।

**श्री राजनारायण :** हमें पांच मिनट और दे दीजिये। श्रीमन्, मैं आपसे कहना चाहता हूं कि स्वाधीन बंगला देश ने भारत की तमाम समस्याओं का जो हल निकाला है उस ओर आखें नहीं मीची जानी चाहिये। स्वाधीन बंगला देश में मुजीबुर्रहमान की आवामी पार्टी ही सबसे बड़ी पार्टी है और आज हमारे हितों की सब से बड़ी रक्षक हैं। बंगला देश के लोग चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे हैं कि मजहब की बुनियाद पर राष्ट्रों का निर्माण नहीं होता है। हिन्दू और मुसलमान एक दूसरे का गला काटने के लिए पैदा नहीं हुए। खराब, पाजी, पापी दिमाग का मुसलमान, मुसलमान का गला काटेगा, हिन्दू का गला काटेगा। खराब पाजी और पापी दिमाग का हिन्दू, हिन्दू का गला काटेगा और मुसलमान का गला काटेगा। एक मां के पेट से पैदा होने वाले दो सगे भाई एक दूसरे का गला काट देते हैं। विभिन्न माताओं की कोख से पैदा होने वाले एक दूसरे का गला काट देते हैं। इसलिए मैं आज इस सदन के द्वारा भारत के मुसलमानों से अपील करना चाहता हूं कि जो यहां पर 6½ करोड़

[श्री राजनारायण]

मुसलमान हैं क्या वे इस्लाम पर यकीन नहीं करते हैं ? क्या याह्या खां साहब इस्लाम पर यकीन करते हैं ? क्या मुजीबुर्रहमान साहब इस्लाम का समर्थन नहीं करते ? एक मुसलमान की मां से पैदा होने वाला याह्या खां और एक मुसलमान की मां से पैदा होने वाला मुजीब का गला काटता है। यहां पर वे कहते हैं कि हम इस्लाम पर यकीन करते हैं और यहां पर 6½ करोड़ मुसलमान हैं । लेकिन मैं यह बतलाना चाहता हूं कि याह्या खां की पलटनें, हमारी माताओं, हमारी बहिनों, हमारी बहुओं और हमारी बेटियों के ऊपर बलात्कार कर रही हैं, दिन दहाड़े बलात्कार कर रही हैं, सड़कों पर बलात्कार कर रही हैं, तो मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या यह इस्लाम सिखलाता है । है कोई इस्लाम में यकीन करने वाला जो आज मुजीब के ऊपर, अवामी लीग के ऊपर, बंगला देश के मुसलमानों के ऊपर याह्या द्वारा जो गजब ढाया जा रहा है, उसके विरोध में आवाज बुलन्द नहीं करता, वह मुसलमान नहीं है, उसको अपने को मुसलमान कहने का हक नहीं है। अगर मुसलमान है तो साढ़े 6 करोड़ मुसलमानों की इज्जत खतरे में है, उनकी बहू बेटी की इज्जत खतरे में है उसको मानना चाहिए, उनकी बहू-बेटी हमारी बहू-बेटी हैं, वह मुसलमान हमारे मुसलमान हैं, हम तो मानते हैं कि वे हमारे हैं। जो सम्प्रदायवाद की लहर में बह रहे हैं, वे मान्यता देने के विरोधी हैं, मान्यता देने में देर करते हैं । इसलिए खुदा के लिए, ईश्वर के लिए इनसान के लिए, इन्सानियत के लिए बंगला देश को मान्यता दो ।

जनतंत्र और सरकार तंत्र का फर्क समझा जाय। मैं हैरत में हूं। हम विरोधी दल हैं, हम भारत की सरकार से एक नीति मनवाना चाहते हैं, हम भारत की सरकार से वह नीति मनवाने के लिए जन-प्रदर्शन करें, सत्याग्रह करें, आन्दोलन करें, अनशन करें, यह हमारे लिए शोभा है, यह हमारा कर्त्तव्य है, मगर सरकारी दल यह भी प्रदर्शन कर रहा है 9 तारीख को और उसके नेता उमाशंकर दीक्षित केबिनेट में हैं । यह दुनिया में एक अजीबोगरीब चीज हो रही है। मैं चाहता हूं कि भारत के लोग जनतंत्र की हत्या न होने दें । *(Interruption)* मैं, तो कहता हूं कि कम से कम 50 लाख लोग न आए सरकारी पार्टी के प्रदर्शन में तो उस प्रदर्शन का कोई अर्थ नहीं । तमाम ट्रकों को ले लो हरियाणा में और बोल दो बंशीलाल को, तमाम औरतों, लड़कों, बच्चों को दिल्ली ले आए, उनको कुछ पैसा भी दे दें, करोड़पतियों की रकम रखी हुई है । माता जी के कहने पर 60 लाख रुपया चला आता है । मैं भूपेश गुप्त को कहता हूं भूपेश कब जागोगे, अब भी जागो, बंगला देश के नाम पर जागो, समाजवाद के नाम पर जागो, जनतंत्र के नाम पर जागो, मानव के नाम पर जागो, मानवता के नाम पर जागो, इन्दिरा को छोड़ो, हमारे साथ आओ ।

**श्री उपसभापति** : अब आप खत्म करिए ।

**श्री राजनारायण** : मैं एक मिनट में खत्म कर रहा हूं । *(Interruption)* इसलिए मैंने राष्ट्रपति को, प्रधान मंत्री को, ऊ थान्ट और दुनिया के जितने विदेशी दूता-

वास हैं, जितनी पार्टियां हैं विदेशों में उनको एक खत लिखा है।

**श्री अर्जुन अरोड़ा :** जरा पढ़ दीजिए।

**श्री राजनारायण :** किसी दूसरे दिन पढ़ देंगे। मैंने लिखा है कि स्वाधीन बंगला देश को मान्यता देने में तुम्हारी सरकार अगुआई क्यों नहीं करती, तुम क्यों नहीं आगे बढ़ते।

श्रीमन, 9 अगस्त, 1942 को हमने अंग्रेजों की चुनौती स्वीकार की थी, हमने अंग्रेजी साम्राज्यवाद को समाप्त करने के लिए हमेशा-हमेशा के लिए किताबे बन्द की थीं। 9 अगस्त, 1971 को हम याह्या खां की चुनौती स्वीकार करके सक्रिय रूप से उसके विरोध में अनशन करने का ऐलान कर चुके हैं, अगर भारत की सरकार समुचित कदम नहीं उठाती, बंगला देश को मान्यता देने के लिए और भारत का जनमत इतना जाग्रत नहीं होता है कि भारत की सरकार पर दबाव डाले। यह सही है कि जयप्रकाश जी और दूसरे लोग हम पर दबाव डाल रहे हैं कि थोड़ा सा टाल दो। हमने उनको कहा अति हो गई है, एक अप्रैल, दो अप्रैल, तीन अप्रैल कोई दिन ऐसा नहीं गया कि बंगला देश का प्रश्न हमने न उठाया हो। 2 जून को हमने सत्याग्रह किया। इस सरकार पर असर डालने के लिए हमने जितने एवेन्यूज थे, साधन थे, उन सब साधनों का प्रयोग किया, अब आप बताएं, हम क्या करें। जब श्री शीलभद्र याजी के शब्दों में जनता इतनी हिजड़ी हो जाय, इतनी नपुंसक हो जाय कि भारत सरकार को दबा न पाए एक बढ़िया काम करने के लिए, सही काम करने के लिए तो हमें पूरा हक है कि हम 9 अगस्त को अनशन पर बैठें। हम विनम्रता के साथ बता दें कि हम किसी को चैलेंज नहीं दे रहे हैं। हम किसी पर दबाव डालने के लिए कोई काम नहीं कर रहे हैं। हमने अपने पत्र में लिख दिया है, प्रधान मंत्री को भी लिखा है कि हम अपने में आत्म बल पैदा करने के लिए देश की जनता में आत्म बल पैदा करने के लिए और सरकार में आत्म बल पैदा करने के लिए यह पवित्र और पुनीत काम करने जा रहे हैं। इस सदन के सम्मानित सदस्य जो सही मायने में स्वाधीन बांगला देश को मान्यता दिलाने के पक्षपाती हैं, हर प्रकार से उसको सहायता देने के पक्षपाती हैं, और जो नरमेध बांगला देश में हुआ है, उसके प्रति चिन्तित हैं, सहानुभूति रखते हैं, उनका कर्तव्य है कि वे केवल मौखिक सहानुभूति प्रकट न करें, बल्कि कुछ सक्रिय काम करें। मैं शीलभद्र याजी जी की इस बात से सहमत होना चाहता हूं कि बांगला देश में चलो, वे प्रधान मंत्री से बोले कि हम बांगला देश के चलने के लिए तैयार हैं और एक ब्रिगेडियर ले कर जाने के लिए तैयार हैं। मगर वहां पर सिक्योरिटी फोर्स जो है हमारे स्वर्ण सिंह जी यह हम को रोकते हैं। एक घंटा हम को बिठाये रखा गया और जब मैं मचल गया कि मैं जरूर जाऊंगा तब मुझे जाने दिया गया। इस लिए भारत सरकार ने अब तक जो स्वाधीन बंगला देश को मान्यता नहीं दी है उस के लिए मैं उसकी भर्त्सना करना चाहता हूं, उसकी निन्दा करना चाहता हूं और कहता हूं कि यह सरकार देश हित की चिन्ता से मुक्त हो गयी है। इसके लिए मौज मस्ती की जिन्दगी है और यह सोचती है कि कहीं हमारी मौज मस्ती की जिन्दगी खत्म न

[श्री राजनारायण]

हो जाय। जो प्रधान मंत्री संघर्ष से न पैदा हुआ हो, वह इस प्रकार की चुनौती को नहीं स्वीकार करेगा। *(Interruption)* इस देश की जनता को उद्‌बुध करने के लिए मैं भारत सरकार की निन्दा करता हूं, भर्त्सना करता हूं और आग्रह करता हूं कि सरदार स्वर्ण सिंह जी के मुखारविन्द से आज यही आखिर में शब्द निकले कि भारत की सरकार बंगला देश को मान्यता देती है, सभी प्रकार की सहायता देती है और दुनिया के सभी मुल्कों से कहती है कि वह भी उसको तत्काल मान्यता दें।

**श्री उपसभापति** : अन्सारी जी, आप दो मिनट में अपना भाषण समाप्त कर देंगे ?

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** (उत्तर प्रदेश): दो मिनट ?

MR. DEPUTY CHAIRMAN : Mr. Ansari, just listen. We normally adjourn at 5.00 P. M. That is why I am asking you. I will be adjourning the House at 5.00 p. M.

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** : डिप्टी चेयरमैन साहब, एक बात इस वक्त आ गयी है, जो मैंने पहले सोची नहीं थी और वह राजनारायण जी ने कही है कि मुसलमान साथ नहीं देंगे।

**श्री राजनारायण** : हमने नहीं कहा है।

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** : उन्होंने कहा है कि मुसलमान साथ नहीं देंगे।

**श्री राजनारायण** : आन ए प्वाइंट आफ आर्डर। जब मैं यह कह रहा हूँ कि मैंने यह नहीं कहा है तब भी माननीय सदस्य कहते जा रहे हैं कि मैंने कहा है। मैंने यह कहा है कि जो मुसलमान आज उसको मान्यता देने के लिए तैयार नहीं हैं, और आज स्वाधीन बांगला देश के साढ़े 6 करोड़ मुलमानों पर जो जुल्म हो रहा है उसके लिए जिस मुसलमान के दिल में आग नहीं भडकती है वह मुसलमान नही है। *Interruption*

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** : मैं राजनारायण जी से पूछना चाहता हूँ कि क्या सूरत की जाय कि मुसलमान यह दिखा दे कि बंगला देश के मामले में उन के इम्मोशन्स वही हैं जो और सब के हैं। देखिये इस बात पर हम लोगों ने बहुत सीरियसली सोचा है और हम चाहते हैं कि मुसलमानों का एक बहुत बड़ा कवेंशन करें, लेकिन मैं यह बता दू कि अगर हम कवेंशन करेंगे तो हमारे पास पैसा नहीं है। लोग पैदल भी आ सकते हैं मदास से, साऊथ इंडिया से, बंगाल से, यहां यह दिखाने के लिए कि हम बांगला देश के मामले में किसी से पीछे नहीं है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN : One minute please. I think we can allow Mr. Ansari to complete his speech before we adjourn. Please continue.

**श्री हयातुल्ला अन्सारी** : यह एक बहुत जरूरी चीज है जो यहां उठायी गयी है। *[Interruption]* लेकिन एक बात आप यह बतलाइये कि क्या यह चीज ठीक रहेगी कि किसी पोलिटिकल इश्यू पर हिन्दुस्तान भर के मुसलमानों को इकट्ठा किया जाय दिल्ली में या कहीं

ग्रौर यह चीज वह है जिसकी मैंने जिन्दगी भर मुखालिफत की है कि पोलिटिकल इश्यू पर मुसलमानों को एक नहीं होना चाहिए । यह होते हुए हम लोग यह नहीं कह सकते कि मुसलमानों को इकट्ठा करें ।

एक ग्रौर जरूरी बात जो मुझे कहनी है, वह यह है कि जो लोग यह समझते हैं कि मुसलमान बंगला देश के मामले में . . .

SHRI SUNDAR SINGH :

Sir, his speech will remain unfinished, if we adjourn.

SHRI PITAMBER DAS : In case we have to adjourn, let his speech remain unfinished.

MR. DEPUTY CHAIRMAN : If that is the desire of the House, I have nothing to say. This is a Private Member's Resolution and we can adjourn for the day. As per the desire of the House, the House stands adjourned till 11.00 A. m. on Monday, the 2nd August, 1971.

The House then adjourned at five of the clock till eleven of the clock on Monday, the 2nd August, 1971.